हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024

**तापमान**

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री



उसलापुर से नर्मदा नगर जाने वाली सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है।



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

# सिरगिट्टी थाने में दर्ज हुआ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत पहला मामला

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग के लिए एक जुलाई कई परिवर्तन लेकर आया, देश में नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद इसकी धाराओं के तहत सिरगिट्टी थाने में पहला मामला दर्ज हुआ। अलग अलग थानों में एक दिन में सात मामले दर्ज किए गए। नए कानून लागू होने के बाद आज पुलिस थानों में उत्सव मनाया गया और पुलिस कर्मियों को नए तरीके से काम करने संबंधी जानकारियां भी दी गईं।




पहले दिन अलग अलग थानों में दर्ज किए गए सात मामले

### सिरगिट्टी में मारपीट, धारा 296, 115 ( 2), 3 ( 5)

सिरगिट्टी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, नयापारा धूमा चौक निवासी आटो चालक मोहम्मद राजिक खान पिता मोहम्मद राशिद खान 1 जुलाई की सुबह 8.30 बजे किराना सामान व सब्जी लेने नयापारा चौक के पास गया था। लौटते समय नयापारा गणेश नगर चौक के पास महबूब उसके दो साथियों ने उसकी पत्नी का हाथ पकड़कर आटो से खींच दिया। उन्होंने मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों युवकों ने मारपीट की। बीच बचाव करने पर उनके पत्नी के साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने मोहम्मद राजिक खान की रिपोर्ट पर हमलावर महबूब और उसके दो साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 ( 2), 3 ( 5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। यह मामला नए अपराधिक कानून के तहत दर्ज किया गया जिले का पहला मामला है। पहले पुराने कानून में आईपीसी की धारा 294, 506, 323, 34 लगाई जाती थी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, धारा 106

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नयापारा निवासी ड्राइवर अभिषेक वर्मा उर्फ शुभम 27 साल 1 जुलाई की सुबह चार बजे बाइक से गुम्बर चौक की ओर काम से जा रहा था। गुम्बर चौक के पास रायपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एपी, 0348 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में अभिषेक वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने घर का इकलौता कमाने वाला था। उसके बड़े भाई की कुछ साल पहले सड़क हादसे में मौत हुई थी। वह ड्राइवरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पहले पुराने कानून में आईपीसी की धारा 304 ए लगाया जाता था।

### मारपीट, धारा 112, ( 2), 296, 351 , ( 2)

कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू पंडरीपारा निवासी मनीष कुमार भास्कर पिता मालिक राम भास्कर 1 जुलाई को सुबह 11 बजे महामाया मंदिर के पास गया था। इसी दौरान मोहल्ले का ललित धवन आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर हाथ में पहने चूड़ा से सिर में हमला कर दिया। पुलिस ने मनीष कुमार की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112, ( 2), 296, 351, (2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पहले आईपीसी की धारा 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया जाता था।

### मामले दर्ज हुए

पहले दिन सोमवार को रात 8 बजे तक नए अपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता के जिले में 7 मामले दर्ज हुए हैं। नए कानून के क्रियान्वयन के लिए भव्य समारोह व थानों में कार्यक्रम कर लोगों को नए कानून की जानकारी दी गई है।

- रजनेश सिंह एसपी

### 24 दिन की बच्ची गायब, धारा 137

मस्तूरी क्षेत्र में बीती रात घर के अंदर माता पिता के साथ सो रही 24 दिन की बच्ची रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। बच्ची के लापता होने से घर में कोहराम मच गया है। पुलिस मामला दर्ज कर बच्ची के तलाश में जुट गई है।

मस्तूरी टीआई अवनीश पासवान ने बताया कि ग्राम किरारी निवासी शरण गोयल खेती किसानी का काम करते हैं। रोज की तरह सोमवार की रात भोजन करने के बाद शरण गोयल, उनकी पत्नी हसीन गोयल 24 दिन की बेटी तारा व दो अन्य बच्चे व दूसरे कमरे में उनके माता पिता व भतीजे के साथ सोए हुए थे। रात 2 बजे उनकी पत्नी हसीन गोयल की नींद खुली तो बिस्तर से उनकी 24 दिन की बेटी नहीं थी। उन्होंने अपने पति व सास, ससुर को जगाकर बेटी के लापता होने की जानकारी दी। रहस्यमय ढंग से घर के अंदर से बच्ची के गायब होने से कोहराम मच गया। आसपास में गायब बच्ची के संबंध में पूछताछ की गई, किन्तु कोई भी कुछ नहीं बता पाया। सुबह 1 जुलाई को पिता शरण गोयल बच्ची के गायब होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पहले आईपीसी की धारा 363 लगाई जाती थी।

## पहली बारिश में ही रेलवे के अंडरब्रिजों में भरने लगा पानी, कहीं सेंसर खराब तो कहीं पंप नही चल रहे, लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी



# रेलवे का अंडरब्रिज: कहीं लबालब पानी तो कहीं बना गोठान, रेलवे नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे द्वारा बनाए गए अंडर ब्रिजो में बारिश होते ही पानी भरने लगा है। घुटने से अधिक पानी भरे होने से लोग आना जाना नहीं कर पा रहे हैं। बारिश के बीच एक ओर तारबाहर अंडर ब्रिज में शेड नहीं होने लोग परेशान हो रहे, वहीं चुचुहियापारा अंडरब्रिज में सड़का पानी भर रहा है। कटनी रूट पर बनाए गए लोखड़ी, खोडरी-खोंगसरा सहित दर्जनभर अंडर ब्रिज पानी से लबालब हो रहा है।

रेलवे दुर्घटना रोकने अपने सभी समपार फाटकों को बंद कर उसके स्थान पर क्रासिंग के लिए अंडरब्रिज का निर्माण करा रही है, लेकिन अंडर ब्रिज के नीचे से पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में हर बारिश में ब्रिज के नीचे से आवागमन बंद हो रहा है और इसका उपयोग करने वालों को भारी परशानियों का सामना करना पड़ता है।



### मवेशियों का जमावड़ा

शहर के तारबाहर और चुचुहियापारा अंडरब्रिजों में बारिश के दौरान पानी भरता है, जिसके चलते कीचड़ फैला रहता है। इसके अलावा दोनों अंडरब्रिजों में मवेशियों का जमावड़ा रहता है। अंडरब्रिज में मवेशियों के भरे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। रेलवे क्षेत्र में दोनों अंडरब्रिज मौजूद है इसके बाद भी यहां न तो साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। न ही मवेशियों को हटाया जा रहा है।

### पटरी पार करने की मजबूरी

लोखड़ी रेलवे क्रासिंग को बंद कर यहां अब एक अंडरब्रिज का निर्माण रेलवे ने कर दिया है। इसमें हर साल बारिश में पानी भरा रहा है। दो दिन से हो रही बारिश के चलते अब लोखड़ी अंडरब्रिज पानी से लबालब हो चुका है। यहां से आने जाने वाले पेरशान हैं। वाहन चालक घूमकर लंबी दूर तय कर ओवरब्रिज से जा रहे तो वहीं ग्रामीण मजबूरन जान जोखिम में डाल रेल की पटरियों को पार कर रहे हैं।

### सेंसर होगा खराब कराएंगे सुधार

अंडरब्रिजों में पानी भरने पर उसमें लगा सेंसर पंप चालू कर देता है, इससे अंडरब्रिज का पानी खाली हो जाता है। कुछ जगहों के अंडरब्रिजों में सेंसर खराब होने के कारण पंप नहीं चल पाता, इससे जल भराव हो जाता है। जहां से भी शिकायत मिलती है वहां तुरंत कर्मचारी भेजकर अंडरब्रिज से पानी खाली कराने के साथ ही सफाई कराई जाती है।

- विकास कश्यप, सीपीआरओ रेलवे बिलासपुर

पुलिस ने हिमाचल प्रदेश में लगाया कैम्प

# आनलाइन ठगी : दो विदेशी सहित चार छात्रों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मोबाइल, लैपटाप, सिम कार्ड, फर्जी बैंक खाते जब्त

तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने हिमाचल प्रदेश में एक सप्ताह कैम्प कर मुनाफा कमाने का लालच देकर आनलाइन ठगी करने वाले दो विदेशियों सहित 4 छात्रों को पकड़ लिया है। उनके पास से मोबाइल, लैपटाप, फर्जी सिम कार्ड, फर्जी बैंक खाते जब्त किए गए हैं।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि मोपका निवासी सियाशरण तिवारी को अज्ञात आरोपियों ने वाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर घर में रहकर कार्य करने व मुनाफा कमाने का झांसा दिया। उसके बाद आनलाइन टेलीग्राम एप के माध्यम से लिंक भेजकर गूगल मैप पर होटल, लॉज, किला का आनलाइन रिव्यू कराने के नाम पर 27 लाख 80 हजार 510 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। संदिग्ध बैंक खातों को चिन्हांकित कर बैंक स्टेटमेंट, एटीएम फुटेज की समीक्षा एवं तकनीकी इन्पुट के आधार पर हिमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन के आसपास से आनलाइन ठगी करने की



जानकारी मिली। आईजी डा. संजीव शुक्ला, एसपी श्री सिंह के निर्देश पर साइबर सेल टीआई राजेश मिश्रा, एसआई अजय वारे के नेतृत्व साइबर थाना की पुलिस टीम हिमाचल प्रदेश रवाना हुई। एक सप्ताह कैम्प करने के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से दो विदेशियों सहित चार छात्रों को पकड़ लिया है। उनके पास से मोबाइल, लैपटाप, फर्जी सिम कार्ड, फर्जी बैंक खाते जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपराध दर्ज होने के बाद आरोपियों के बैंक खाते को होल्ड कराकर 9 लाख रुपए पीड़ित श्री तिवारी को लौटा दिया है।



### पकड़े गए आरोपी

- प्रियांशु रंजन पिता विजय कुमार पाण्डेय 20 साल एसबीआई भास्कर राव नगर सैनिकपुरी हैदराबाद
- राजवीर सिंह पिता भारत सिंह 22 साल कलालकरन जम्मू कश्मीर
- मो. शोबुज मोरल पिता मो. शहाबुद्दीन मोरल 25 साल तेलीखानी दारून मोरनी खुलना बांगलादेश
- टेम्फू कार्ल नगेह पिता टेग्फ रिचर्डस 22 साल बामेन्डा 3 नर्कन कैमरून

### हिमाचल प्रदेश बाहरा यूनिवर्सिटी में कर रहे पढ़ाई

पकड़े गए सभी आरोपी हिमाचल प्रदेश के बाहर यूनिवर्सिटी में हास्टल में रहकर बीटेक सहित अलग अलग कोर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। पढाई के दौरान चारों आरोपी ग्रुप बनाकर देश में लोगों को फोन कर मुनाफा कमाने का लालच देकर आनलाइन ठगी करने लगे।

### मुख्य सरगना टेम्फू कार्ल नगेह

पुलिस के अनुसार, मामले का मुख्य सरगना कैमरून निवासी टेम्फू कार्ल नगेह है। इसके बड़े भाई ने दुबई में रहकर टेलीग्राम के माध्यम से आनलाइन फ्राड करना सीखा और उसने छोटे भाई टेम्फू कार्ल नगेह को ठगी करना सिखाया। उसके बाद वह हास्टल में रहकर छात्रों को शार्टकट में मोटी रकम कमाने का झांसा देकर आनलाइन ठगी करने का काम करने लगा।

## खबर संक्षेप

### दस जिलों में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड चेयरमैन नियुक्त

**बिलासपुर।** राज्य शासन के महिला व बालविकास विभाग ने राज्यपाल के आदेश पर किशोर न्याय बोर्ड (जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड) में चेयरमैन नियुक्त किए हैं। प्रदेश के दस जिलों में यह नियुक्ति की गई है । जारी अधिसूचना के अनुसार बैकुंठपुर में असलम खान को बोर्ड का प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, रायपुर में श्रीमती अनीता ध्रुव, बेमेतरा में गुलापान राम यादव , कोरबा में प्रतीक्षा अग्रवाल , राजनांदगांव में आशीष भगत , बलौदाबाजार में मंजू लता सिन्हा, अंबिकापुर में आकांक्षा सक्सेना , बलौद में कु सत्प्रीत छाबड़ा , महासमुंद में श्वेता मिश्रा और कांकेर में अम्बा शाह को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

### रिवर व्यू के किनारे खड़ी हो रही निजी एंबुलेंस



**बिलासपुर।** हाल ही में जिला प्रशासन ने सिम्स अस्पताल के सामने खड़ी होने वाले निजी एंबुलेंस को वहां से खदेड़ दिया था। लेकिन अब ये निजी एंबुलेंस चालक रिवर व्यू में अपनी गाड़ियां खड़ी करने लगे हैं। जिसके चलते रिवर व्यू घूमने आने वालों को पार्किंग की समस्या हो रही है। लोग अब अपने वाहनों को सड़क पर रखने को मजबूर है।

### दो दिन में 199 मिमी बरस चुका पानी



**बिलासपुर।** जिले में मानसून एक्टिव होने से सोमवार को बिल्हा, कोटा, तखतपुर सहित कई इलाकों में मध्यम से तेज बारिश हुई। मानसून के प्रवेश के बाद बिलासपुर में बारिश ने जून महीने का कोटा लगभग पूरा कर दिया है। विभाग के अनुसार अब तक सामान्य बारिश 169.2 मिमी होनी थी, जबकि अब तक 199.7 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में 33.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि सप्ताहभर पहले बिलासपुर में 29 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई थी। सोमवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए हुए थे, रूप-रूककर बारिश होती रही। जिसके चलते अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री जो सामान्य से 4.2 डिग्री कम दर्ज हुआ। तो वहीं न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसके चलते मौसम में ठंडक बनी रही। इधर मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी कर रखा है।

## 31 मार्च 2025 तक बढ़ी स्मार्ट सिटी की मियाद, केन्द्र के शहरी आवास मंत्रालय से आदेश जारी

# स्मार्ट सिटी को प्रोजेक्ट पूरा करने मिला एक साल का एक्सटेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी फेज वन को एक साल के लिए और एक्सटेंशन मिल गया है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने पहले फेज वाली देश की 100 स्मार्ट सिटी को एक साल का और एक्सटेंशन देते हुए मियाद 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी है। इससे स्मार्ट सिटी तहत चल रहे अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय मिल गया है।

स्मार्ट सिटी फेज वन की मियाद 30 जून 2024 को पूर्ण हो गई, इसलिए भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने देशभर के उन 100 स्मार्ट सिटी को एक साल का एक्सटेंशन प्रदान कर दिया है जहां पर स्मार्ट सिटी फेज वन का काम चल रहा है। इस संबंध में केन्द्र के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव व सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों के शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिवों सहित स्मार्ट सिटी के सीईओ को पत्र जारी किया है। भारत सरकार ने बिना किसी अतिरिक्त लागत के 31 मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी फेज वन की मियाद बढ़ाने का निर्णय लिया है एक्सटेंशन देते समय यह शर्त भी रखा है कि मिशन के तहत पहले से अनुमोदित वित्तीय आबंटन से परे कोई अतिरिक्त देयता, नया कार्य नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी फेज वन तहत चल रहे प्रोजेक्टस को 31 मार्च 2025 से पहले पूरा करना होगा। यह भी कहा गया है कि शहरों को शेष भारत निधि केवल 30 सितंबर 2024 तक या उससे पहले, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर जारी की जाएगी।



### स्मार्ट सिटी के इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

#### पिंक प्ले ग्राउंड

स्मार्ट सिटी अंतर्गत स्पोर्टस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तीन बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है, जिसमें से एक महिलाओं के लिए प्रदेश के पहले पिंक प्ले ग्राउंड का लोकार्पण हो चुका है।

#### हैप्पी स्ट्रीट

स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्वस्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर के हृदय स्थल में एक स्थाई हैप्पी स्ट्रीट का निर्माण किया गया है।

#### आईडब्ल्यूएमएस सिस्टम

इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत घरों से कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ियों की वास्विक जानकारी, उन्हें ट्रैक और गाड़ियों का लाईव लोकेशन कंट्रोल रूम में मिलेगी।

#### रेंट-ए-साइकिल योजना

शहर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने के लिए साइकिल की सुविधा के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा रेंट-ए-साइकिल योजना शुरू किया गया है।

### दूसरी बार बढ़ी स्मार्ट सिटी की मियाद

स्मार्ट सिटी फेज वन की मियाद यह दूसरी बार बढ़ी है। इससे पूर्व स्मार्ट सिटी के सारे प्रोजेक्ट वर्ष 2023 में पूरा कर लेना था, क्योंकि स्मार्ट सिटी पहले केवल पांच साल के लिए थी। बिलासपुर शहर का स्मार्ट सिटी के लिए वर्ष 2017 में चयन किया गया था। इसके बाद वर्ष 2018 में स्मार्ट सिटी का काम शहर में चालू हुआ। स्मार्ट सिटी फेज वन की मियाद जो 30 जून 2023 को समाप्त हो रही थी उसे केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मंत्रालय ने बढ़ाकर 30 जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया था।

### ये काम पहले हो गए थे पूर्ण

स्मार्ट सिटी की ओर से स्वीकृत कार्यों में से अधिकांश काम पूरा होने के कगार पर है। इसके अलावा कई कार्य पूरे हो चुके हैं उन कार्यों में आईटीएमएस प्रोजेक्ट और इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर और कलेक्टोरेट मल्टीलेवल कार पार्किंग शुरू भी हो गया है। इसके पहले प्लेनेटोरियम, स्मार्ट सड़क व्यापार विहार रोड एवं मिट्टी तेल गली, डिजिटल लाइब्रेरी और शहर के उद्यानों का पुनर्विकास कार्य तहत कोन्हेर गार्डन, राजेन्द्रनगर बाल उद्यान का विकास एवं शहर के तीन चौराहों पर शेड के साथ सोलर पैनल लगाया गया है।

### एक्सटेंशन मिल गया

स्मार्ट सिटी फेज वन को एक साल का और एक्सटेंशन मिल गया है और अब स्मार्ट सिटी फेज वन की मियाद 31 मार्च 2025 तक बढ़ाई गई है। इससे स्मार्ट सिटी तहत जो प्रोजेक्टस, कार्य अभी चल रहे हैं, उन्हें समय पर पूरा करा लिया जाएगा।

- अमित कुमार
कमिश्नर ननि व एमडी स्मार्ट सिटी

## खबर संक्षेप

### सांसद फूलो देवी नेताम से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सोमवार को कांग्रेस की राज्य सभा सांसद फूलो देवी नेताम से सौजन्य मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे और उनका हाल चाल जाना। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले संसद भवन के अंदर फूलो देवी नेताम बेहोश हो गई थीं। उनकी सेहत की जानकारी लेने केंद्रीय मंत्री तोखान साहू उनके निवास पहुंचे और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। फूलो देवी नेताम छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कोंडागांव की रहने वाली हैं और कांग्रेस की राज्यसभा सांसद हैं। वे छत्तीसगढ़ में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष भी हैं।

### आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष से मिले शैलेष, विश्वकप जीतने पर दी बधाई



**बिलासपुर।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराकर टी 20 विश्वकप अपने नाम कर लिया। पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने इस संबंध में आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष और बीसीसीआई ( भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ) के उपाध्यक्ष, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद राजीव शुक्ला से सोमवार को सौजन्य मुलाक़ात की। श्री पांडेय ने भारतीय टीम के विश्वकप जीत कर देश का गौरव बढ़ाने पर उन्हें बधाई दी।

### जीएसटी कार्यालय की विभागीय समिति के नए अध्यक्ष बने राजेश



**बिलासपुर।** जीएसटी कार्यालय वाणिज्यकर विभागीय समिति ने सर्वसम्मति से राजेश कुमार टंडन को नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। तात्कालिक अध्यक्ष ईश्वर पटेल का कार्यकाल 1 जुलाई को पूरा हो गया। उनकी जगह समिति की बैठक आयोजित कर नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसमें श्री टंडन को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ से संबद्ध वाणिज्य कर जीएसटी कार्यालय के तात्कालिक अध्यक्ष ईश्वर पटेल का कार्यकाल पूर्ण होने पर 1 जुलाई को विभागीय समिति की बैठक कर राजेश कुमार टंडन को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। श्री टंडन बताया कर्मचारी हित में काम करने की बात कही। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, दिलेश्वर भंडारी, यशवंत साहू ,महेंद्र तिवारी, अखिलेश कश्यप, राजू राजपूत, मधु अग्रवाल, सरोज, रोहिणी देवांगन, श्रद्धा शर्मा आदि मौजूद थे।

### संत शिरोमणि नामदेव महाराज का महापरिनिर्वाण दिवस कल

**बिलासपुर।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज के महानिर्वाण दिवस पर 3 जुलाई को श्री नामदेव



फाउंडेशन द्वारा महाआरती पूजन का आयोजन किया जाएगा। नूतन चौक सरकंडा स्थित संत नामदेव सामुदायिक भवन में सुबह 9 बजे संत शिरोमणि नामदेव विट्ठल महाराज की महाआरती होगी। पूजन एवं माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पूर्व 3 जुलाई को सुबह नामदेव समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा दर्जी मंदिर गोडपारा स्थित संत शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की जाएगी। संत नामदेव महाराज ने 3 जुलाई 1350 को महाराष्ट्र के पंढरपुर में समाधि ली थी। श्री नामदेव फाउंडेशन के अध्यक्ष एनपी नामदेव तथा सचिव दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने नामदेव समाज के सभी प्रबुद्ध जनों से संत शिरोमणि नामदेव महाराज के महानिर्वाण दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### जनदर्शन में पीएम आवास, सड़क अनुकंपा नियुक्ति की मांग

**बिलासपुर।** कलेक्टर के साप्ताहिक जनदर्शन में पीएम आवास, जर्जर सड़क मरम्मत करने, अनुकंपा नियुक्ति की मांग की गई। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अवनीश शरण ने 1 जुलाई को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में पहुंचे किसानों से चर्चा कर खाद्य बीज उपलब्धता की जानकारी ली। लगभग डेढ़ सौ लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की और आवेदन दिया। जनदर्शन में मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुड़ी की सरपंच शांति देवी साहू ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत गुड़ी नवापारा से हिंडाडीह तक की सड़क बहुत ही ही जर्जर है। बरसात के दिनों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को कीचड़ पार कर जाना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सख्ती और चेतावनी बेअसर

### जिले के पौने दो लाख उपभोक्ताओं की ई केवाईसी अपडेट नहीं, गैस कनेक्शन हो सकता है ब्लाक

# ई केवाईसी अपडेट कराने अब गैस एजेंसियां मोबाइल पर भेजेंगी मैसेज, घरों में पाम्प्लेट बांटकर करेंगे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलपीजी गैस सिलेंडरों का सत्यापन नहीं कराने वाले परिवारों को सिलेंडर सप्लाई नहीं होगी। इसकी सख्त चेतावनी के बाद भी लोग जरूरी दस्तावेज जमा नहीं कर रहे हैं, जिससे ई केवाईसी पूरी नहीं हो पा रही है। जिले में सवा 5 लाख से अधिक गैस कनेक्शन हैं इसमें से पौने दो लाख लोगों ने ही ई केवाईसी कराई है। अब इसके लिए तिथि 31 जून से बढ़ाकर 31 जुलाई तक कर दी गई है। दूसरी ओर गैस एजेंसियों की ओर से केवाईसी पूरी कराने उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज भेजने के साथ ही उनके घरों में पंपलेट पहुंचाने की योजना बनाई गई है। पेट्रोलियम कंपनियों ने भी साफ कर दिया है कि केवाईसी पूरी नहीं कराने वालों को सिलेंडर सप्लाई नहीं की जाएगी। इसमें सबसे पहले मिलने वाली सब्सिडी रोकी जाएगी। इसके बाद कनेक्शन ही ब्लाक कर दिया जाएगा।

- **अब 31 जून से बढ़ाकर 31 जुलाई तक कर दी गई है समय सीमा**

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के निर्देश के बाद गैस उपभोक्ताओं को उसी एजेंसी में जाना है जिस एजेंसी का उनका गैस कार्ड है। इसके लिए लोगों को अपने गैस कार्ड और आधार कार्ड की फोटो कॉपी लेकर जाना है। इसके बाद एजेंसी में आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करने के साथ उपभोक्ता का थंब इंप्रेशन लिया जा रहा है। इससे यह सत्यापित किया जा रहा है कि जिसके नाम पर गैस कार्ड है उसी के खाते में ही सिलेंडर की सब्सिडी जा रही है। आधार और गैस कार्ड में नाम अलग-अलग होने पर सिलेंडर ब्लॉक किया जा रहा है।

## केवाईसी नहीं कराने वाले परिवारों को सिलेंडर सप्लाई नहीं होगी

### नाम ट्रांसफर करने आवेदन बढ़े

इसके साथ ही एजेंसी संचालकों ने बताया कि अब गैस सिलेंडर में नाम ट्रांसफर करवाने वाले आवेदनों की संख्या दोगुना हो गई है। शहर में सैकड़ों लोग ऐसे हैं जिनके माता-पिता के नाम पर गैस सिलेंडर है और उनमें कई का निधन हो गया है। ऐसे ही पति-पत्नी, भाई-बहन समेत कई लोग ऐसे हैं जिनके घरों में गैस कार्ड किसी और के नाम से है। ई-केवाईसी कराने के लिए अंगूठे का बायोमीट्रिक निशान लिया जा रहा है। इसलिए गैस और आधार कार्ड में व्यक्ति का नाम एक होना चाहिए। ऐसे लोग अब गैस कनेक्शन अपने नाम पर करवाने के लिए आवेदन जमा करवा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिन घरों में गैस कार्ड होल्डर की मृत्यु हो गई है वे उनका मृत्यु प्रमाण पत्र जमा कर नाम ट्रांसफर करवा सकते हैं।

### उज्जवला वालों को भी नहीं मिलेगा

सामान्य लोगों के साथ ही उज्जवला कनेक्शन वालों को भी ई केवाईसी नहीं कराने पर सिलेंडर नहीं मिलेगा। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने करीब आठ महीने पहले इसके बारे में आदेश जारी किया था लेकिन अभी तक बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ में यह काम पूरा नहीं हो सका है। इसके पहले चरण में उज्जवला गैस कनेक्शन का सत्यापन होना था लेकिन यह काम अभी 58 प्रतिशत ही पूरा हो सका है। ध्यान रहे कि बिलासपुर जिले में करीब दो लाख उज्जवला कनेक्शन तो सवा तीन लाख के करीब सामान्य कनेक्शन वाले हितग्राही हैं। ध्यान रहे कि उज्जवला वालों को सस्ता सिलेंडर मिलता है इसके बाद भी केवाईसी नहीं करा रहे हैं। खाद्य विभाग और गैस एजेंसियां ऐसे परिवारों के बीच पहुंचकर सत्यापन कराने के लिए कहेंगे।

### 31 जुलाई तक अपडेट होगी ई केवाईसी

ई केवाईसी के लिए समय सीमा 31 जून से बढ़ाकर 31 जुलाई तक कर दी गई है। गैस एजेंसियों की ओर से केवाईसी पूरी कराने के लिए उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज भेजा जा रहा है। केवाईसी पूरी नहीं कराने वालों को सिलेंडर सप्लाई नहीं की जाएगी। इसमें सबसे पहले मिलने वाली सब्सिडी रोकी जाएगी। इसके बाद कनेक्शन ही ब्लाक कर दिया जाएगा।

**- अनुराग सिंह भदौरिया,**
फूड कंट्रोलर

## नए भारतीय क़ानूनों के क्रियान्वयन के लिए भव्य समारोह का आयोजन

# नए कानून से जनता का न्याय प्रणाली पर विश्वास और मजबूत होगा: कलेक्टर

**बिलासपुर।** देश में नई कानून व्यवस्था लागू हो गई है। नए क़ानूनों के क्रियान्वयन पर बिलासागुड़ी हॉल में जिला स्तरीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के प्रत्येक थाने एवं चौकी में अलग अलग कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, आईजी डॉ. संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सोरी सहित पुलिस एवं प्रशासन के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी, नगर के नागरिकों ने भाग लिया। इसमें एसपी रजनेश सिंह ने नए कानूनों में किए गए बदलावों के बारे में बताया कि कैसे ये बदलाव जनता के हित और देश की न्याय प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और संवेदनशील बनाने के लिए किए गए हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने बताया कि नए कानूनों से औपनिवेशिक मानसिकता को दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे जनता का न्याय प्रणाली पर विश्वास और मजबूत होगा। आईजी डा. संजीव शुक्ला ने कहा 164 वर्ष बाद भारत को अपने देश के लोगों द्वारा निर्मित कानून मिला है, जो हमारी प्राथमिकताओं और संवेदनशीलताओं को दर्शाता है। भारतीय न्याय संहिता के दंडात्मक धाराओं में सबसे पहली धारा महिलाओं पर अपराध के लिए दंड का है। महिलाओं पर अपराधों में सजा के प्रावधान को बढ़ाया गया है जो भारतीय संसद एवं भारत सरकार की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि ये कानून न केवल न्याय प्रणाली में सुधार लाएंगे बल्कि भारतीय नागरिकों को भी अधिक अधिकार और सुरक्षा देंगे।




बिलासा गुड़ी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर, जनप्रतिनिधि व अन्य।

### थाना- चौकी में बताया गया नए कानून का महत्व

नए कानून की जानकारी थाना व चौकी में कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया। महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रावधानों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरिमा द्विवेदी ने समझाया। कार्यक्रमों में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण आमजन तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। लोगों ने नए कानूनों के प्रति जागरूकता और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सभी गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने नए कानूनों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### जनप्रतिनिधियों ने सराहा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने इसे व्यापक जनहित में किया गया सुधार बताया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने नवीन कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को क़ानूनी मान्यता देने का उल्लेख करते हुए कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने वाला कदम बताया। वहीं कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने इसे ग्लोबलाइजेशन एवं आधुनिकीकरण के बाद आज के संचार के युग की आवश्यकता के अनुरूप बदलाव बताया जो त्वरित न्याय प्रदान करने वाला कदम है। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने आमजन को इन कानूनों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## हाईकोर्ट में एसबीआई की नई शाखा

# सीजे सिन्हा ने किया हाईकोर्ट में संचालित बैंक शाखा का निरीक्षण

- बैंक परिसर व्हीआईपी लाउंज को देखा
- शाखा में उपलब्ध सुविधाओं को जाना



**बिलासपुर।** छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने 1 जुलाई को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उच्च न्यायालय भवन में संचालित शाखा का निरीक्षण किया।

1 जुलाई 1955 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना हुई थी। निरीक्षण के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से डिप्टी जनरल मैनेजर आलोक रंजन ने पुष्पगुच्छ से श्री सिन्हा का स्वागत किया। हाल ही में हाईकोर्ट स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में नवीन साज-सज्जा की गई है। शाखा में एक व्हीआईपी लाउंज भी बनाया गया है। बैंक के अधिकारियों ने चीफ जस्टिस श्री सिन्हा को बैंक परिसर तथा व्हीआईपी लाउंज का अवलोकन कराया। ग्राहकों के लिए शाखा में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार (प्रशासन) अवध किशोर, संयुक्त रजिस्ट्रार सह पीपीएस एमवीएलएन सुब्रहमन्यम, कोर्ट अफसर एफके बिसेन, प्रोटोकॉल अधिकारी आरएस नेगी, विजय प्रकाश पाठक, सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर आनंद प्रियदर्शनी, ब्रांच मैनेजर प्रियंका सिंह बेरू आदि मौजूद थे। श्री सिन्हा कार्य-व्यवस्था में सुधार लाने निरंतर प्रयासरत हैं। पूर्व में भी उनके मार्गदर्शन में उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं, पक्षकारों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कई सुविधाएं जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोस्ट ऑफिस इत्यादि की स्थापना व विस्तार किया गया है।

# बिलासपुर रेल मंडल का प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**बिलासपुर।** बिलासपुर मंडल ने प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह में 47 मिलियन टन माल ढुलाई कर एक नई उपलब्धि हासिल की है।

मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय बताया कि बिलासपुर मंडल अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित, सतत एवं अनुशासित प्रयास से सर्वाधिक लदान करने वाले मंडलों में से एक होने की ओर अग्रसर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में 30 जून 2024 तक बिलासपुर मण्डल ने 47 मिलियन टन माल ढुलाई कर नई उपलब्धि हासिल की है। जो किसी भी वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। श्री पाण्डेय ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन माल ढुलाई की गई थी। इस अवधि में लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान रासायनिक खाद, खनिज, तेल आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा माल ढुलाई को आकर्षक बनाने कई तरह की छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में भी काफी वृद्धि की गई है। मंडल में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत विभिन्न सेक्शनों में तीसरी व चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कार्य भी व्यापक स्तर पर कराए जा रहे हैं। इन सभी कार्यों के परिणाम नए कीर्तिमान के रूप में सामने आए हैं। मंडल रेल प्रबंधक श्री पाण्डेय ने समस्त अधिकारियों को उनके बेहतरीन प्रयासों की सराहना की है।

### पहली तिमाही में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 41 मिलियन टन

एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 24-25 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया। पहली तिमाही में 41.95 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वहीं हाल ही में समाप्त हुए जून महीने में कंपनी ने 14 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया है।

कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी जून माह एवं वित्तीय वर्ष की किसी भी पहली तिमाही में यह अब तक का यह सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। एसईसीएल के सीएमडी ने बताया कि कोयला उत्पादन के साथ-साथ एसईसीएल ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही में देश भर के बिजली संयन्त्रों को रिकॉर्ड 47.50 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में इसमें 7% से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि इसमें ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा जून 2024 को समाप्त तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 92.32 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही से 6.35 मिलियन क्यू.मी. (7.3%) अधिक है। कंपनी ने 31.33 मिलियन क्यूबिक मीटर के साथ किसी भी जून माह में सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाया है। एसईसीएल के सीएमडी ने बताया कि पिछले वर्ष जून में कंपनी ने 26.04 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था। इस प्रकार इस जून माह में कंपनी ने ओबीआर में 20% से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

# यादव समाज धूमधाम से मनाएगा जन्माष्टमी

**बिलासपुर।** जिला यादव समाज इस वर्ष भी कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाएगा। जन्मोत्सव के संबंध में लखीराम अग्रवाल सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें शोभायात्रा सहित विविध प्रतियोगिताएं, बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता डा. सोमनाथ यादव की ने की। इस अवसर पर यादव समाज के भुनेश्वर यादव उपस्थित रहे।

शोभायात्रा प्रभारी शैलेंद्र यादव ने बताया कि जिला यादव समाज के युवा विंग द्वारा 26 अगस्त को भगवान श्री कृष्ण की जयंती मनाई जाएगी। बैठक में बताया गया कि छग राज्य पिछड़ा वर्ग की सूची क्रमांक एक में यादव के साथ रावत उपजाति के रूप में अंकित है, किंतु राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सूची में रावत उपजाति नहीं जुड़ा होने के कारण नौकरियों में समाज के युवाओं को परेशानी हो रही है। इसकी वजह ये है कि अनेक लोगों के कागजातों में यादव की जगह रावत लिखा है, जिसके कारण जाति प्रमाण पत्र केंद्र के नौकरी या अन्य कार्यों में निरस्त हो जाता है। इसके लिए पूर्व में केंद्र से पत्र व्यवहार किया गया था। पुनः राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र को पत्र भेजा जाए। आगामी दिनों में होने वाले नगर निगम,नगर पालिका चुनाव में यादव समाज का राजनीति में कार्य करने वाले यादव बंधुओं को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शिवशंकर यादव, शैलेंद्र यादव,अमित यादव, अनिल यादव, विजय यादव, लक्ष्मी यादव,शंकर यादव, नंद कुमार यादव, गोपाल यादव, नंदू यादव, कृष्णा यादव, बालाराम यादव, ओंकार यादव, धनंजय यादव, गौरव यादव,सुनील यादव, जितेंद्र यादव, राजकुमार यादव, राकेश यादव, संदीप यादव, कृष्ण कुमार यादव, रंजीत यादव, लल्ला यादव, आकाश यादव, प्रमोद यादव, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

## एजुकेशन प्लस

### एवीएम के छात्रों ने बढ़ाया स्कूल का गौरव



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के छात्र गौरव बैरागी ने आईआई टी प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 3480 पा कर सफलता प्राप्त की। गौरव ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, अनुशासन, शिक्षकों के दिशा निर्देश और समय-समय पर होने वाली गतिविधियों की सराहना की। विद्यालय के चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि एवीएम के छात्र गत कई वर्षों से आईआईटी, नीट एव एनआईटी जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर देश के नामी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत हैं। जिसमें कृष्णा सिंह परिहार नीट, आस्था मिश्रा और शिवि शुक्ला एलएलबी पुणे, अहाना श्रीवास्तव फ्लेम विश्व विद्यालय पुणे, चित्रलेखा कोरी और सुयश सोनी राजकीय मेडिकल कालेज जगदलपुर, वंशिका दुबे आईआईटी धनबाद, भूपेश सूर्यवंशी एम्स पटना, पीयूष बाजपेयी दिल्ली विश्वविद्यालय, भूमा एचएनएलयू रायपुर, कार्तिक सूर्यवंशी राजकीय डेंटल मेडिकल कॉलेज रायपुर, शाहिल समनानी दिल्ली विश्व विद्यालय और विद्यालय के अधिकांश छात्र गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में अध्ययनरत हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, निदेशक एसके जनास्वामी और प्राचार्या जीआर मधुलिका ने गौरव बैरागी सहित समस्त छात्रों को बधाई दी है।

### एयू ने 33 छात्रों को बांटे टैली सर्टिफिकेट



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विवि में टैली ग्रेजुएशन डे पर 33 छात्रों को टैली का सर्टिफिकेट और प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्राइज के साथ सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अटल बिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपई, एसईसीएल के सीएमडी डा. प्रेमसागर मिश्रा, डा. एच एस होता, डा. पूजा पांडेय, चेयरमैन नाइसटेक रविंद्र प्रताप सिंह, प्रो. सुषमा तिवारी एवं अन्य फैकल्टी सदस्य कॉमर्स एंड मैनेजमेंट से उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि अटल यूनिवर्सिटी में टैली का कोर्स जिले के ईदगाह चौक स्थित नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन से पूर्ण करवाया गया। नाइसटेक 32 वर्षों से कंप्यूटर ट्रेनिंग देने के लिए विख्यात है। नाइसटेक कंप्यूटर जिले का मात्र एक ऐसी संस्था है जो टैली एजुकेशन बैंगलोर से अधिकृत मास्टर टैली असेसमेंट पार्टनर है। ज्ञातव्य हो कि अटल यूनिवर्सिटी के अलावा लभभग 20 कॉलेज- यूनिवर्सिटी में टैली कोर्स संचालित किया जा रहा है। नाइसटेक की ओर से सभी कॉलेज-यूनिवर्सिटी में सर्टिफाइड हुए छात्रों को शुभकामनाएं दी गई। नाइस टेक ने कहा कि हम हर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय में टैली प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध एवं संकल्पित हैं।

## दीक्षांत समारोह में दो मानद व 14 पीएचडी उपाधि दी जाएगी: कुलपति

# ओयू के दीक्षांत समारोह में 98 विद्यार्थियों को दिए जाएंगे स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पण्डित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के षष्ठम दीक्षांत समारोह में 98 विद्यार्थियों को 159 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा दो लोगों को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा और 14 शाधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। ओपन यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारी जोरों पर चल रहा है।

पण्डित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह की तैयारियों के संबंध में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो बंश गोपाल सिंह ने बताया कि षष्ठम दीक्षांत समारोह 6 जुलाई को सुबह 10.30 बजे यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए वाटरप्रूफ डोम तैयार किया जा रहा है।



समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन करेंगे तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भी आने की सहमति मिली है। समारोह के मुख्य वक्ता सुरेश जोशी, भैया जी जोशी होंगे, साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया विशिष्ट अतिथि होंगे और कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह स्वयं यूनिवर्सिटी का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कुलपति प्रो. सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में सत्र जनवरी-दिसंबर 2020, सत्र जुलाई-जून 2021, सत्र जनवरी-दिसंबर 2022, सत्र जुलाई-जून 2023 के विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 89 विद्यार्थियों को 159 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे, जिनमें 13 दानदाताओं द्वारा प्रदत स्मृति स्वर्ण पदक भी शामिल है। एक विद्यार्थी डेमेश्वरी भारद्वाज को वर्ष 2021 के लिए चार गोल्ड मेडल तथा इनमें से 15 विद्यार्थियों को तीन-तीन मेडल, 27 विद्यार्थियों के दो-दो गोल्ड मेडल बाकी को एक-एक गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही दो मानद एवं 14 पीएचडी विद्या वाचस्पति उपाधि मिलाकर कुल 16 उपाधि भी दिए जाएंगे।

### 59 हजार 29 विद्यार्थियों को पत्रोपाधि

दीक्षांत समारोह अवसर पर परीक्षा सत्र जनवरी-दिसंबर 2020 में 2,635 विद्यार्थी, सत्र जुलाई-जून 2021 में 13,226 विद्यार्थी, सत्र जनवरी-दिसंबर 2021 में 24,950 विद्यार्थी, सत्र जनवरी-दिसंबर 2022 में 4,622 विद्यार्थी, सत्र जुलाई-जून 2023 में 10, 306 विद्यार्थी कुल 59 हजार 29 विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी पत्रोपाधि, डिप्लोमा पत्रोपाधि तथा सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण किए हैं, जिन्हें यूनिवर्सिटी द्वारा पत्रोपाधि प्रदान की जाएगी।

1- JULY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 7/2/2024 12:40 AM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

डॉक्टर्स डे विशेष



बिलासपुर। डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर में विभिन्न सामाजिक संस्था व अस्पतालों में रक्तदान शिविर, पौधरोपण, सम्मान कार्यक्रम सहित विभिन्न आयोजन किए गए। जिसमें शहर के कई डॉक्टर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने कहा कि डॉक्टर ही इस धरा में भगवान का दूसरा रूप हैं, जो मनुष्य को दूसरा जीवन देते हैं।

# मनुष्य को दूसरा जीवन दे रहे डॉक्टर

## लायंस क्लब बिलासपुर ने किया डाक्टर्स व सीए का सम्मान



लायंस क्लब बिलासपुर में 1 जुलाई को डाक्टर्स व सीए डे मनाया गया। क्लब के अध्यक्ष शैलेश बाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम में डॉक्टर्स व सीए का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ वाई एस दुबे, डा. राजकुमार क्षेत्रपाल, डा. प्रदीप शुक्ला, डा. अरुण शुक्ला, डा.बृजेश, डा.ओंकार सिंह राजपूत, डा.राजेश दुबे, डा. अरुण शुक्ला, डा. आकाश अग्रवाल, डा. कुश श्रीवास्तव, सीए अजय पांडे, एम गुप्ता, विनोद मित्तल, दिनेश अग्रवाल, जीएल जैन, अमित अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, रौनक अग्रवाल का सम्मान किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने समाज के प्रति दिए गए योगदान की सराहना करते हुए सीए व डाक्टर्स के प्रति आभार व्यक्त किया। इसमें परमजीत सिंग सलूजा, किशन बुधिया, हरीश केडिया, सुनील मर्दा, श्रीकान्त सहारे, रवि गर्ग, दर्शन छाबड़ा, उमेश मुरारका, असित पाल सिंग जुनेजा, मुकेश महलवाला, नरेश लिखमानिया, मंजित अरोरा आदि मौजूद थे।

## डॉक्टर्स डे पर रोटरी क्वींस व आश्रयनिष्ठा ने लगाया रक्तदान शिविर



रोटरी बिलासपुर क्वींस द्वारा डॉक्टर्स डे पर 1 जुलाई को रोटरी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर्स डे, जो हर वर्ष 1 जुलाई को मनाया जाता है। रक्तदान शिविर में रोटरी क्वींस की अध्यक्ष मनीषा जायसवाल ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया। शिविर में आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी व टीम मानवता का सहयोग रहा। इस अवसर पर लगभग 50 से अधिक यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। रोटरी क्वींस की अध्यक्ष मनीषा ने बताया कि दिए गए रक्त को जरूरत पड़ने पर बिना डोनर के उपलब्ध कराया जाएगा। इस आयोजन में रोटरी क्वींस की ज्योति गुप्ता, आचल, भावना चोपड़ा, संगीता चोपड़ा ,एकता वीरवनी, स्वाति श्रीवास्तव, शिल्पी चौधरी, वंदना सिंह, डा. श्वेता घाटगे, बंटी सैनी, रिंकी गांधी, श्रद्धा खंडूजा, भारती सालूके, रश्मि पटेरिया, गोविंद राय, हिमांशु कश्यप, लक्ष्मी साहू, आकृति शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## चेतना अभियानः चर्मरोग विशेषज्ञ के द्वारा निःशुल्क उपचार



चेतना अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन हॉस्पिटल में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 100 से अधिक पुलिस स्टाफ एवं उनके परिवारों की निशुल्क जांच एवं निशुल्क दवाई वितरण किया गया। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. डेनियल हेनरी उषा मेमोरियल स्किन आई एंड डेंटल क्लिनिक, डॉ. मंजीत गुप्ता डरमा क्लिनिक, डॉ. अजय पांडेय स्किन क्योर, डॉ. शान्तनु मिश्रा स्किन वर्ल्ड क्लिनिक द्वारा पुलिस परिवार और पुलिस स्टाफ के अधिकारियों, जवान और बच्चे महिला पुरुष की जांच कर उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराई। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार, डीएसपी मंजुलता कुजूर, डीएसपी डेहरा राम टंडन, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार गुप्ता, पुलिस हॉस्पिटल के स्टाफ और थाना चौकी पुलिस लाइन के पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसबीआई ने किया डॉक्टर सिंह का सम्मान



डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक योगेश कुमार मेहर के द्वारा शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जीबी सिंह संचालक जीबी नर्सिंग होम का उनके घर, निराला नगर में जाकर शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। जीबी सिंह शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों में से एक हैं और समाज में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका बहुत ही अमूल्य योगदान रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिलासपुर के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। इन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा की भारतीय स्टेट बैंक हर क्षेत्र का अग्रणी बैंक रहा है एवं स्टेट बैंक द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना भी की गई। इस अवसर पर योगेश कुमार तिवारी भूतपूर्व मुख्य प्रबंधक भी उपस्थित रहें।

## डाक विभाग ने डॉक्टरों का किया सम्मान



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के विशेष अवसर पर भारतीय डाक विभाग के बिलासपुर संभाग ने विभिन्न स्तर पर शहरी एवं सुदूर ग्रामीण में अपनी निरन्तर सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को आभार प्रेषित किया। इसी क्रम में जन स्वास्थ्य सहयोग अस्पताल गनियारी में देश विदेश से आकर निःशुल्क सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं डॉक्टर होतचंदानी का सम्मान किया गया। डॉक्टर बीआर होतचंदानी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जीवन के महत्त्व से अवगत कराया और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रोचक ढंग से बतलाया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर विनय प्रसाद के अलावा अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों का सम्मान



आईएमए छत्तीसगढ़ व हरिहर ऑक्सीजोन का संयुक्त आयोजन

आईएमए छत्तीसगढ़ एवं हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में प्रार्थना भवन में नेशनल डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर आमसभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों का सम्मान किया गया।

सम्मानित होने वालों में डॉ पीके श्रीवास्तव, डॉ अभिजीत रायजादा, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ हेमंत चटर्जी, डॉ संदीप तिवारी, डॉ शशिकांत साहू, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ संजना तिवारी, डॉ अखिलेश देवरस, डॉ सौरभ लूथरा, डॉ प्रतिभा पाठक, डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ अनुज कुमार, डॉ रमाकांत पाठक, वीरेंद्र अग्रवाल, कमल सोनी, श्वेता सिंह, राजू खुशलानी आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि प्रो. एडीएन वाजपेई कुलपति ने हरिहर परिवार के इस आयोजन की सराहना की। डॉ विनोद तिवारी ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों एवं अंचल वासियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही जागरूकता के साथ लोगों को

## दवा, दया और दुआ दिलाता है डॉक्टर को सम्मान : मंजू दीदी





राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में चिकित्सकों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। डॉक्टर के इलाज से व्याधि और कष्ट से मुक्ति मिलती है तो उनके प्रति दिल से दुआएं निकलती है। यही दुआएं असली कमाई है, बाकि धन तो बाइप्रोडक्ट है। दया, दुआ और दवा का बेलेंस डॉक्टर को सफलता और सम्मान दिलाता है। दीदी ने कहा कि आजकल के सभी शारीरिक और मानसिक बीमारियों का मूल कारण मन है। हम शरीर को स्वस्थ रखने एक्सरसाइज करते हैं पर मन को भी पॉजिटिव थिंकिंग की खुराक और बीच बीच में ध्यान रूपी एक्सरसाइज की आवश्यकता होती है। इसके लिए कार्य के बीच में एक मिनट का समय निकालकर परमात्मा की याद में लीन हो जाना है। यह छोटा सा अभ्यास आत्मा को बहुत समर्थ बनाता है।

## आओ मिलकर पेड़ लगाएं, धरती को हरा-भरा बनाएं संदेश के साथ रोपे गए सौ पौधे



**इनकी रही उपस्थिति**

पौधरोपण कार्यक्रम में प्लाईवुड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सिदारा, सी.ए एसोसिएशन से कमल बजाज, हैंड्स ग्रुप से अभिषेक विधानी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स से अनिल वाधवानी, ऑक्सीजन ग्रुप के सदस्य, पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत के रूपचंद डोडवानी, घनश्याम दास गिदवानी, नानक खटूजा, नरेंद्र नागदेव, राज सगन, लक्ष्मणदास तोलानी, दानी जग्गा, राहुल छुगानी, संतोष चावला, विनोद बजाज, महेंद्र विधानी, मयूर सिदारा, समाज के राजू धामेचा, महेश सिदारा, आनंद देसर, नारायण दयालानी, बिरादरी पंचायत महिला विंग से सरिता डोडवानी, नीलू गिदवानी, कविता सिदारा सहित योगा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

बिलासपुर। बिलासपुर प्लाईवुड एसोसिएशन, ऑक्सीजन ग्रुप, हैंडस ग्रुप, सी.ए एसोसिएशन , छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में धुरीपारा, तुर्काड़ीह, घुटकू रोड स्थित सुरेश सिदारा के फार्म हाउस में पौधरोपण किया गया।

आओ मिलकर सब पेड़ लगाएं धरती को हरा-भरा बनाएं, घोंसले बने उन पेड़ों पर पक्षियों की चह-चहाट मधुर गीत सुनाए का संदेश देते हुए 100 से ज्यादा फलदार वृक्ष लगाए गए। प्लाईवुड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सिदारा ने कहा कि ऐसे प्रयासों का कुछ सालों में लाभ दिखाई देने लगेगा। व्यक्तिगत स्तर पर भी जितना अधिक से अधिक हो सके, पौधे लगा कर अपने घर, संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाएं। जिससे भविष्य के लिए जल संवर्धित किया जा सके। पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत के प्रमुख सलाहकार रूपचंद डोडवानी ने कहा तापमान हर साल बढ़ रहा है। शहर में ग्रह 45 डिग्री पार जा चुका है। अत्याधिक गर्मी होने के कारण आम व्यक्ति के साथ ही वन्य जीवों को भी तकलीफ होती है। जल स्तर भी लगातार गिरते जा रहा है। इन सब का एक ही हल पेड़ लगा कर उसे संरक्षित करना है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर पौधारोपण का बृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। नानक खाटूजा, कमल बजाज, अभिषेक विधानी, अनिल वाधवानी ने भी अपने विचार रखे।

## भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक के पेंशनर्स एसोसिएशन ने पौधरोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन विजयापुरम सरकंडा में किया। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी शुक्ला, सचिव मिहिर नाग, जमील अहमद, मनिन्द्र मेहता, कविता मेहता, मृदुला त्रिपाठी, सुधा पाण्डेय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान बताया गया कि संघ के 133 सदस्यों ने स्वेच्छानुदान से डेढ़ लाख से भी अधिक राशि एकत्र कर पौधरोपण के लिए स्थान खोजकर पौधे की व्यवस्था की। फिर साइंस कालेज सीपत रोड एवं विजयापुरम कालोनी के लगभग सभी विरल स्थानों पर आम, नीम, पीपल, बरगद, शीशम, गुलमोहर सहित अन्य पौधे लगाए गए। 40 ट्री गार्ड पौधों की सुरक्षा हेतु लगाए गए। पानी सींचने के लिए दो बड़े फौव्वारे वाले यंत्र कालोनी के अध्यक्ष को दिया गया। इस मौके पर राजेश सोनार, उमेश ठाकुर, रोमी हाटी, सविता रायजादा, ममता सोनी, नीरजा तिवारी, रुक्मणी कश्यप, पूनम पाठक, आनंद तम्बोली, सरस्वती साहू, पीके गुप्ता, रमेश सन्नाला, आलोक नाग, पीके मजूमदार, श्री बैनर्जी और शांति बंजारे उपस्थित थे।

## पर्यावरण जागरूकता पर निकाली रैली




**बिलासपुर।** हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण अभियान समिति द्वारा हरिहर परिवार-आपके द्वार, हरिहर बिलासपुर हमर बिलासपुर थीम पर आईएमए छत्तीसगढ़ व हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में पौध वितरण, पर्यावरण जागरूकता व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पौध वितरण के समय विशेष झांकी के साथ पर्यावरण थीम पर संदेश दिया गया। रास्ते में सेवा जतन संकल्प भाव के साथ पौधा वितरण किया गया। हरिहर परिवार आपके द्वार, आओ पेड़ लगाये हम सेवा जतन संकल्प के संग, पौधा वितरण अभियान का प्रारंभ रिवर व्यू से किया गया। फिर प्रताप चौक, मुख्य डाकघर, नेहरू चौक होते हुए डॉ मढ़रिया हास्पिटल से प्रार्थना सभा भवन पहुंचे।

## खिताब

### शहर की वैभवी बनीं मिस छत्तीसगढ़




**बिलासपुर।** शहर की वैभवी शर्मा ने दुर्ग में जिल इंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित लॉरियल मिस छत्तीसगढ का खिताब जीता। मुबई के क्राइम पेट्रोल दस्तक के प्रोड्यूसर प्रदीप पाली एंड ग्रुप हर साल लॉरियल मिस छत्तीसगढ़ का आयोजन करते हैं, जिसमें प्रदेश भर से प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस बार बिलासपुर से वैभवी शर्मा ने भाग लिया और लॉरियल मिस छत्तीसगढ़ 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। वैभवी इंग्लिश लिट्रेचर से ग्रेजुएशन कर रही हैं। साथ ही समाज सेवा भी कर रही हैं। वे पिछले तीन वर्षों से ब्लाइंड बच्चों के लिए राइटर का काम कर रही हैं। गौरतलब है कि कई बच्चों को परीक्षा पास करने में उन्होंने सहायता की है।

## सम्मान

### सिन्धु दर्शन यात्रा कर लौटने पर यात्रियों का किया स्वागत



**बिलासपुर।** सिन्धु दर्शन यात्रा से लौटने पर वंदेमातरम मित्र मंडल का सोमवार को उसलापुर रेलवे स्टेशन में धर्म यात्रा महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ गायत्री प्रसाद पांडेय की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। यात्रियों ने बताया कि ऐसे दुर्गम एवं अद्भुत दृश्य देखने मिला जो जीवन में पहली बार देखा, जहां अकेले जा पाना संभव नहीं था। वन्दे मातरम् मित्र मंडल से जुड़ने के कारण यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। 17 जून से शुरू हुई 14 दिवसीय यात्रा के दौरान वंदेमातरम मित्र मंडल के सदस्यों ने गुलमर्ग, सोनमर्ग की सुरम्य एवं खूबसूरत वादियां, द्रास में स्थित देश के वीर सपूतों की अविस्मरणीय गाथाएं, अति रमणीय पेंगाग झील, केलांग का दुर्गम एवं रात्रि में खूबसूरत टेंट में विश्राम जैसे पलों का अविस्मरणीय अनुभव किया। सिन्धु दर्शन यात्रा के उदघाटन अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए ,बिलासपुर के कलाकारों ने भी रश्मि द्विवेदी के नेतृत्व में आकर्षक की नृत्य प्रस्तुत दी गई, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। उपस्थित वक्ताओं ने मानसरोवर यात्रा लेह से प्रारंभ करने पाक अधिकृत कश्मीर का भारत में विलय सहित स्थानीय लद्दाख वासियों की समस्यायों को भारत सरकार के समक्ष रखने का संकल्प दोहराया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ गायत्री प्रसाद पांडेय,प्रांतीय महामंत्री बजरंग रजक,प्रांतीय संयोजक प्रफुल्ल मिश्रा,राम सुशील पांडेय,प्रवीण मिश्रा,कमलेश सिंह,प्रकाश यादव, गोविन्द सिंह,शैलेंद्र कैवर्त सहित वन्दे मातरम् मित्र मंडल के मनहरण सहित बड़ी संख्या में स्टेशन पहुंच कर तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया।

## आयोजन

### चार्ट क्लबों का जोन व रीजन की ओर से होगा सम्मान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की संयुक्त रीजन स्टाफ, जोन मीट व स्कूलिंग में लायंस क्लब वसुंधरा की भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गवर्नर दिलीप भंडारी थे। रीजन चेयरपरसन चंदा बंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं ध्वज वंदना के साथ हुआ। मंचासीन पदाधिकारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कैबिनेट सेक्रेटरी नितिन सलूजा ने ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जानकारी दी। जोन चेयरपरसन नंदलाल पुरी ने अपने अधीनस्थ सभी क्लबों को वर्ष भर के कार्यों की रूपरेखा के साथ ही सही मार्गदर्शन किया। जीईटी को-ऑर्डिनेटर राकेश पांडेय ने चार्ट क्लबों को जोन एवं रीजन की ओर से सम्मानित करने की घोषणा की। रीजन चेयरपरसन श्री बंसल ने साल भर की गतिविधियों की जानकारी दी। लायंस क्लब वसुंधरा की कोषाध्यक्ष अर्चना तिवारी ने ध्वज वंदना की। कार्यक्रम का संचालन मिडटाउन की अध्यक्ष शेफाली सिंह ने किया। अंत में अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

**लायंस क्लब इंटरनेशनल की जोन मीट में की गई घोषणा**

कार्नर न्यूज

## सिम्स आडिटोरियम में चल रहा योगेश स्मृति नाट्य समारोह

# कलाकारों ने गाए लोक संगीत, नाटक कृष्णा का हुआ मंचन

योगेश स्मृति नाट्य समारोह के दूसरे दिन सोमवार को सिम्स आडिटोरियम में कलाकारों ने लोक संगीत पेश कर कृष्णा नाटक का मंचन गया। सुमेधा अग्रश्री द्वारा लिखित कृष्णा नाटक के माध्यम से द्रौपति के अंतर्द्वंद को प्रस्तुत किया गया। द्रौपति के प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को अंदर तक झकझोर दिया। नाटक का निर्देशन सुनील चिपड़े ने किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समारोह के आरंभ में पांच मितान हितेंद्र वर्मा, भुनेश्वर यादव, अशीष यादव, ललित साहू और अतुल चंद्रवंशी ने सुमधुर लोक संगीत पेश किया। लोक गायकों ने माता की जस गीत गाया। होली गीत की छंटा बिखेरते हुए दर्शकों की तालियां बटोरी। कृष्णा नाटक में अपूर्वा बीबे ने कृष्णा एवं आकाश गुप्ते ने कृष्ण के किरदार को प्रभावशाली तरीके से निभाया। राजीव नयन ने कर्ण और नौशाद खान ने भीम के किरदार को जीवंत कर दिया। योगेश स्मृति नाट्य समारोह में प्रथम पंक्ति में तीन सीट विशेष रुप से दिवंगत रंग कर्मियों के लिए आरक्षित रही। रंगकर्मी योगेश पाण्डेय, रायपुर के रंगकर्मी जलील रिज़वी और राधेश्याम पटेल इन तीनों की प्रतीकात्मक रूप से सभागार में उपस्थिति रही। अग्रज के इस भाव को सभी ने सराहा।



**करीब से सीखने को देते हैं मौका**

दर्शक कनक पाण्डेय ने कहा कि मेरे लिए यह अप्रतिम अनुभव है। ऐसे अभिनय क्षमता और नाटकों को देख रोमांच आ गया। हर्षिता कुमार अग्रज नाट्य दल शहर के रंगकर्म प्रेमियों के लिए जाना पहचाना नाम है। हर साल अपनी कार्यशाला से वे रंगकर्म को करीब से सीखने का मौका देते हैं। सुमित शर्मा ने कहा कि समारोह जिस तरह शुरू हुआ है। एक से बढ़कर एक बेजोड़ नाटक देखने को मिल रहा है।

### होते हैं नई बातों से रूबरू

कार्यक्रम में सुनील चिपड़े ने कहा कि शहर के दर्शकों को गंभीर नाटकों की जरूरत है। इससे उन्हें रंगमंच की कई नई बातों से रूबरू होने का मौका मिलता है। कम पात्रीय नाटक अभिनेताओं के लिए चुनौती के साथ ही उनके अभिनय कर्म को मांजने में सहायक है। हमारी कार्यशालाओं में शहर के अभिनय कर्म को खोजने और मांजने का प्रयास रहता है। सुमेधा श्री ने कहा कि द्रौपदी एक ऐसी किरदार है जो आम भारतीय स्त्री के निकट है। इस नाटक के रिसर्च के समय मुझे उनके जीवन के बचपन की कई पहलुओं के बारे में पता चला। मैंने अपनी कल्पना से कई अनुत्तरित प्रश्नों के उत्तर तलाशने की कोशिश भी की।

## खबर संक्षेप

### गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं का प्रदर्शन रहा उत्कृष्ट



**तखतपुर।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय वीरांगना रानी दुर्गावती की छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा रचना शुक्ला ने 76.38% लाकर प्रथम स्थान हासिल किया है। यहां की छात्राओं ने विपरीत परिस्थितियों में पढाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों और सभी कार्यक्रमों में अपना नाम आगे किया है। रचना शुक्ला ब्लाक कालोनी निवासी लल्लन शुक्ला और ममता शुक्ला की पुत्री है। बीएससी फाइनल गणित विषय के साथ 76.38 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

### जमीन बंटवारे को लेकर गाली गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** जमींन बंटवारे को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार मोछ निवासी ज्योति कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता और चाचा से जमींन का बंटवारा हो गया है। 30 जून की दोपहर 12 बजे अपने घुरूवा के कचरे पर आग लगाई थी। इसी बात को लेकर आरोपी अश्वनी कश्यप, इंद्रा कश्यप ने मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### रिटायर्ड कर्मी के घर चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार

**कोरबा।** एसईसीएल से रिटायर्ड हुए एक कर्मी अपने मकान में ताला बंद कर अपने गृहग्राम गया हुआ था। एक महीने बाद जब वह वापस लौटा तो उसके घर में ताला टूटा हुआ मिला चोरों ने उसके घर से इलेक्ट्रानिक्स सामानों सहित लाखों का माल पार कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस निवासी सैय्यद कमर अली मूल रूप से मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का निवासी है। 4 वर्ष पहले वह एसईसीएल से सेवानिवृत्त हो चुका है और अभी भी विभागीय आवास में रह रहा है। घरेलू कामकाज के सिलसिले में पिछले एक महीने से बाहर था। तब से उसके मकान में ताला लगा हुआ था। लंबे समय के लिए बाहर जाने के बारे में ना तो आसपास के लोगों को जानकारी दी गई थी और ना ही स्थानीय पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया था। इस बीच अज्ञात चोरों ने इलाके की रेकी करने के साथ योजनाबद्ध तरीके से यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक की वापसी मध्यप्रदेश के बालाघाट से कोरबा हुई। इस दौरान उसने पाया कि मकान में रखा रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन, गैस सिलेंडर सहित कई सामान पार कर दिया है।

## निधन

### अभिषेक वर्मा

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी निवासी अभिषेक वर्मा (शुभम) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सिरगिट्टी बन्नाक चौक मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय वर्मा के पुत्र थे।

# नाली नहीं होने के कारण ग्रामीणों के घर में घुसा पानी







**लखराम।** दो दिनों से हो रही बारिश से मटखनवा पारा में गलियों में पानी भर गया है। नाली होने के कारण बारिश का पानी अब ग्रामीणों के घरों में घुसने लगा है।

# साव ने विधायक कार्यालय भवन में पूजा पाठ कर किया प्रवेश

**लोरमी।** नगर रानीगांव स्थित विधायक कार्यालय का उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पूजा पाठ कर प्रवेश किया। वहां ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर जल्द ही निराकरण के लिए अधिकारी को निर्देश दिए। इससे पहले वे भवन का फीता काटकर शुभारंभ कर पंडित विजय तिवारी ने मंत्र उच्चारण कर विधिवत पूजा कराए। उन्होंने कहा कि इस निवास का बतौर कार्यालय उपयोग होगा।



जिसमें समय समय पर भेंट मुलाकात कर क्षेत्रवासियों के लिए जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर समस्याओं से रूबरू होंगे। इस अवसर नगरपालिका अध्यक्ष अंकिता शुक्ला, वर्षा विक्रम सिंह, गुरमीत सलुजा, विक्रम सिंह, विनय साहू, रवि शर्मा, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, दिनेश साहू, बनवारी लाल अग्रवाल, महेंद्र खत्री, हरिकिशन खत्री, विश्वास दुबे, राजेंद्र साहू, सुशील यादव, माधव तिवारी, घंशू राजपूत, सुरेश श्रीवास, सोहन डढ़सेना, धर्मेंद्र गिरी, वीरेंद्र गुप्ता, दिनेश राजपूत, मिंटू अग्रवाल, अशोक साहू, बादल मौर्य, विनोद राजपूत, संदीप सोनी, श्रेय त्रिपाठी,मुकुल तिवारी उपस्थित थे।

# गड़रिया समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन, पन्नालाल अध्यक्ष

**तखतपुर।** कृषि मंडी परिसर में गड़रिया समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल धनकर की उपस्थिति में बिलासपुर जिला इकाई का गठन किया गया। पन्नालाल पाली को जिलाध्यक्ष, जिला सचिव प्रदीप पाली, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पाली चयन किया गया। युवा प्रकोष्ठ से अध्यक्ष के रुप में कोमल पाली, सचिव संतोष पाली, सह सचिव धनसिंह पाली, कोषाध्यक्ष लव कुमार उर्फ बंसी पाली को सर्वसम्मति से चुना गया। नगर अध्यक्ष के नवीन पाली को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर लखनलाल धनगर, निलेश धनकर, सुंदरलाल पाली, कृष्णा पाली, दुलीचंद, उमा पाली, संतोष पाली, कुंज राम पाली, बलराम पाली, विष्णु पाली, इतवारी पाली, कृष्ण पाली, बहोरनधनकर, मोहित राम पाली, भूषण पाली, मनोज पाल, राकेश पाल, दिलीप पाल, नरेंद्र पाली, दिनेश धनकर, रवि धनगर, रामकुमार पाली, बलबीर धनकर, शोभित पाली, बबलू पाली, प्रीतम पाल, झाड़ी पाली, गणेश पाली, हेमचंद पाली, नारायण पाली, नरेश पाली, अमित पाली, कान्हा पाली, किशोरी पाली, आदित्य पाली, कैलाश पाली, शुभम पाली, तेरस राम पाली, मुन्ना पाली, अरुण पाली सहित अन्य उपस्थित रहे।





# 8 को कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 7 दिन के भीतर सभी समस्याओं के हल करने की मांग की है।

जिले में व्याप्त प्रमुख समस्या जिसमें अघोषित बिजली कटौती, लचर कानून व्यवस्था, राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार, कलेक्टर कार्यालय में आम जनता के आवेदनों पर कार्रवाई, टीएल प्रकरण का निराकरण, रेत परिवहन के नाम पर अवैध वसूली बंद करने, आबकारी विभाग द्वारा किए जा रहे अवैध वसूली, मरवाही वन मंडल में व्याप्त भ्रष्टाचार, किसानों के खाद, बीज की व्यवस्था, आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना पर रोक लगाने सहित 13 प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। जिसका निराकरण 7 दिन के भीतर नहीं होने पर 8 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ,गोरेला ब्लॉक अध्यक्ष अमोल पाठक, अशोक शर्मा ,पुष्पराज सिंह, शंकर पटेल , गजमति भानू, मो.सादिक खान, वैभव तिवारी, संतोष ठाकुर, ममता पैकरा, श्वेता मिश्रा, सुनीता तिमोथी, गिरजा रानी पोटाम, रेखा रंजन, मंजू सिंह ठाकुर, कलीराम मांझी, विद्या राठौर, मनोज यादव, बाला कश्यप, चांदनी यादव, जलेश सिंह, बलदेव यादव, सुफियान खान, शारदा चरण पसारी, प्रकाश केसरी, मोहम्मद नफीस खान, रवि राय, रियांस सोनी, एस शर्मा, अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

# दैवेभो कर्मचारियों को नियमित करने साव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



उपमुख्यमंत्री अरूण साव को छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष मुंगेली के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल द्वारा दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, दैनिक श्रमिक कर्मचारियों का नियमितिकरण करने सहित 6 मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रांतीय सचिव, जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने बताया कि 6 सूत्रीय मांगों में राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितिकरण करने, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग का ग्रेड वेतन बढ़ोतरी के संबंध में, कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना में संविलयन करने सहित 6 मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मण्डल में नवल प्रजापति, लक्ष्मण सिंह मरावी, कामता जायसवाल, दीपप्रकाश साकत, विपिन कुमार ध्रुव, राजेन्द्र साहू, सिलोच उइके, रामेश्वर यादव, नागेश्वर नवरंग, विनोद कुमार साहू, नेतराम गबेल, मनीष, टाइगर गबेल उपस्थित रहे।



### चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री पहुंचे पेंड्रा

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज जैन, प्रदेश मंत्री शंकर बजाज सोमवार को पेंड्रा पहुंचे। चेम्बर के जिला पदाधिकारियों द्वारा इन सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स पेंड्रा इकाई के अध्यक्ष मनीष केसरी, पदाधिकारी आनंद गोयनका, विकास जायसवाल, चंदन मिश्रा मौजूद थे। इनके द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों से जीएसटी के विषय सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।



### 44 किसानों को 13 क्विंटल विष्णु भोग बीज का वितरण

**मस्तूरी।** विकासखंड के अधीनस्थ स्थित ग्राम पंचायत रिसदा में एसएमएस बीज ग्राम योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा 44 किसानों को 13 क्विंटल 20 किलो विष्णु भोग बीज वितरण किया गया। साथ ही किसानों को बीज बोने व रख रखाव की विधि बताया गया। इस अवसर पर जनपद सभापति दामोदर कांत, उपसंचालक कृषि पीडी हाथेस्वर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके अहीरे, सहायक संचालक कृषि अनिल कौशिक, एडियो केपी मार्को, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुषमा गर्ग सहित पंचायत प्रतिनिधि, किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।



### सकरी में महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए साढ़े चार करोड़ स्वीकृत

**सकरी।** विधायक धर्मजीत सिंह की मांग पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सकरी स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु साढ़े चार करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। विदित हो कि शासन ने 2022 में सकरी में शासकीय महाविद्याल की स्थापना की थी जो कि मुख्यमार्ग पर पुराने कन्या हाइस्कूल के जर्जर भवन में संचालित हो रहा था। विधानसभा चुनाव के बाद विधायक धर्मजीत सिंह ने 15 जनवरी को महाविद्यालय के कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर जल्द ही नवीन भवन हेतु राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया था।




# डॉक्टर ईश्वर का रूप, 24 घंटे देते हैं सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

मदन लाल महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा डॉक्टर्स डे पर चिकित्सक और स्टॉफ का सम्मान किया गया। उनके पेशे और सेवा को लेकर कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे ने कहा कि ईश्वर सभी जगह एक नहीं रह सकता।

चौबीस घंटों की सेवा डाक्टर देते है और समाज सेवा का कार्य करते हैं। इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में डा केके तिवारी, शैलेश वरुण एमएलटी, श्रीकान्त टैगोर फर्मासिस्ट, मधु मांडले एमएल टी, विनोद मरावी, के नगदौने नर्सिंग इंचार्ज, टी श्रीधर, देव नारायण को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। स्वयं सेवक में अजय पांडे, भूतिभूषण, प्रशांत यादव, ऋषभ विजय, समीर सलूजा, मिथलेश कुमार श्रीवास, संजना उपस्थित थे।

# जिले के तीन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण के बाद एनक्यूएएस प्रमाणपत्र किया जारी

**मुंगेली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिले के तीन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद एनक्यूएएस प्रमाणपत्र जारी किया है। इनमें उच्च स्तरीय गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवायें प्रदाय किए जाने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दशरंगपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेमरी शामिल है।




1 00 अंकों के मानक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दशरंगपुर ने 89.55 प्रतिशत एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली ने 82.52 प्रतिशत तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेमरी ने 90.29 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी है और आगे भी इसी तरह कार्य करने कहा है। गौरतलब है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्रं. ....../-121/2023-24
ग्राम घुण्डूकापा प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम घुण्डूकापा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनऊराम निर्मलकर पिता/ पति स्व. चैतूराम जाति धोबी निवासी घुण्डूकापा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपनी माता सुंदिया बाई के जन्म/मृत्यु दिनांक 8/10/2007 को ग्राम पंचायत घुण्डूकापा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 8/7/2024 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/6/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 11.06.2024

श्री संदीप गंगवानी आत्मज स्व. कन्हैया लाल गंगवानी (श्रीमती मीना गंगवानी) उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मेन रोड तोरवा थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी रविना बघेल आत्मजा श्री सुनील बघेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम लोहर्सी थाना पचपेड़ी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 15.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



संदीप गंगवानी



रविना बघेल

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार सोनी अपने आसामी श्रीमती बसंती स्वर्णकार पिता स्व. योगेश्वर प्रसाद सोनी निवासी बलौदा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि

मेरे पक्षकारा श्रीमती बसंती स्वर्णकार के पिता स्व. योगेश्वर प्रसाद सोनी की अचल सम्पत्ति ग्राम बलौदा अवस्थित आबादी मकान तथा ग्राम बलौदा में निजी नाम की कृषि भूमि अवस्थित है। मेरे पक्षकारा श्रीमती बसंती स्वर्णकार अपने पिता की एकमात्र पुत्री संतान होकर स्वर्गीय योगेश्वर प्रसाद सोनी की इकलौती वारिसान है।

ज्ञात हुआ है कि कुछेक व्यक्ति स्व. योगेश्वर प्रसाद सोनी की मकान व कृषि भूमि को अपना बताकर बेचने का सौदा कर रहे है जो अवैध व नाजायज है। ऐसा लेन देन न करें तथा जान बूझकर जो अवैध लेन देन करेगा उसे कानूनी कार्यवाहियों का सामना करना पडेगा। इस संबंध में जिस किसी को कोई जानकारी या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो मुझसे संपर्क कर सकते है।
सो सूचना जाने।

**देवेन्द्र कुमार सोनी**
**अधिवक्ता**
**बलौदा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**मो. 8982468545**

**आम सूचना**

हम 1. दीपक 2. सतीश 3. सुरजीत 4. शंकर, 5. सुरेखा 6. रंजीता 7. रेखा सभी पिता श्यामलाल सूर्यवंशी सभी जाति सूर्यवंशी सभी निवासी ग्राम सत्यानगर अमेरी वार्ड नंबर-04 थाना व तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के है जो के हमारे नाम पर दर्ज भूमि जिसका खसरा नंबर 239/26 रकबा 0.0469 हेक्टेयर भूमि ग्राम अमेरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा श्रीमती सरोज बाई डहरिया पति कुनो प्रसाद डहरिया, श्रीमती नीलिमा डहरिया पति जितेन्द्र कुमार डहरिया दोनो निवासी मिनी बस्ती जरहाभाठा वार्ड क्र.-21 थाना सिविल लाईन बिलासपुर (छ.ग ) के साथ किया गया है जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय को यदि कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मुझसे आकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है अवधि पश्चात कि गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।
दिनांक :- 01.07.2024
सो सूचना जाने

**भवदीय**
**देवप्रसाद रात्रे, अधिवक्ता**
**जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं-9977049142**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/ / क / वा / ना. तह. / 2024
सकरी दिनांक 19/06/2024

एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/1298/स्टेनों/अविअ/2024 तखतपुर दिनांक 23.04.2024 के अनुसार आवेदक सचिव सरस्वती शिक्षण समिति सकर्रा के द्वारा ग्राम पंचायत सकर्रा में हिन्दी माध्यम विद्यालय कक्षा नर्सरी अरूण से आठवीं तक सरस्वती शिशु मंदिर नवीन शाला संचालन मान्यता हेतु नस्ती इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदन के संबंध में निम्न कंडिकावार जांच कर तथा भूमि भवन से संबंधित अन्य सभी आवश्यक जानकारी, खसरा, बी-1 की सत्यापित प्रतिलिपि के साथ स्पष्ट अभिमत व अनुशंशा सहित प्रतिवेदन 15 दिवस के भीतर भेजे जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 9/07/2024 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी. 872 मूल आबंटी श्री इन्द्रसेन साहू पिता श्री खोलबहरा राम साहू के नाम पर आबंटित है । मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 19.11.2018 को हो गई है । उनकी मृत्यु पश्चात परिवार की सहमति एवं नामजदगी के आधार पर उनकी पत्नी श्रीमती मिथलेश साहू पति स्व. श्री इन्द्रसेन साहू के नाम पर भवन नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 01/07/2024

प्रति, 1. आवेदक मेसर्स फार्च्युन इन्फ्रा भागीदार सुहेल हक वगैरह पिता मरहूम एम.एम. हक आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. प्रभा मिंज सा. चिल्हाटी बिलासपुर 3. हरीश कुर्रे सा. चिल्हाटी बिलासपुर 4. हेमंत जायसवाल एवं मिथलेश श्रीवास्तव सा. अमलताल कालोनी बिलासपुर एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/05/2024

ग्राम चिल्हाटी प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 67/9, 67/10, 67/11, 81/3, 81/4 कुल रकबा 3.9840 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मेसर्स फार्च्युन इन्फ्रा भागीदार सुहेल हक वगैरह निवासी 27 खोली विष्णु नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 09/08/2024 को समय 10:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्रं. ....../-121/2023-24
ग्राम घुण्डूकापा प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम घुण्डूकापा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनऊराम निर्मलकर पिता/ पति स्व. चैतूराम जाति धोबी निवासी घुण्डूकापा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व. चैतूराम के जन्म/मृत्यु दिनांक 14/05/1988 को ग्राम पंचायत घुण्डूकापा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 8/7/2024 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/6/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम दिनेश अग्रवाल पिता श्री मुरारी लाल अग्रवाल अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम दिनेश कुमार अग्रवाल पिता श्री मुरारी लाल अग्रवाल निवासी/ पता नेहरू नगर चौक, सांई हनुमान मंदिर के पास, अमेरी रोड, बिलासपुर रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम दिनेश कुमार अग्रवाल पिता श्री मुरारी लाल अग्रवाल से जाना एवं पहचाना जाय।

**न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन**
रा.प्र.क्र. बी-121/2023-24
ग्राम- राम्हेपुर (लोरमी) प.ह.न. 28
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् सर्व साधारण ग्राम राम्हेपुर (लोरमी) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता साहू पति स्व. श्री मुन्नालाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम राम्हेपुर तहसील - लोरमी जिला - मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके पुत्र स्व. राजेश साहू आदिम जाति कल्याण विकास विभाग के अंतर्गत शासकीय अनु जाति प्री मैट्रिक छात्रावास किशुनगढ़ विकास खण्ड पंडरिया जिला कबीरधाम में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत था। उनके पुत्र की दिनांक 26.04.2021 को कोविड 19 के कारण सेवा में रहते मृत्यु हो गयी थी, चुंकि आवेदिका के पति के निधन के पश्चात आवेदिका अपने पुत्र पर पूर्णतः आश्रित थी पुत्र के मृत्यु उपरांत आवेदिका जीवकोपर्जन के संकट से जुझ रही है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा देय समस्त प्रकार के स्वत्वों जिसमें परिवारिक पेंशन भी सम्मिलित है कि प्राप्ति में शासन द्वारा आश्रिता प्रमाण पत्र चाही गई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.07.2024 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय लोरमी में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा।

आज दिनांक 28/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**समक्ष :- नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं छोटी बंजारे आयु 25 वर्ष पति श्री अमर बंजारे निवासी वार्ड 08 मकान नं. 2429 सी.एस.ई.बी. ऑफिस के पास डिपरापारा तिफरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) 495001 की हूँ जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता/ती हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त नाम एवं पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 76962859 1189 पेन न. HEOPB4873M में नाम छोटी बंजारे दर्ज है, जो सही है, जो विवाह के पश्चात का नाम है, जो सही व सत्य है। 3. यह कि केनरा बैंक शाखा दयालबंद बिलासपुर खाता क्र. 7730225006380 में मेरा नाम बिमला सोनवाने दर्ज है, जो विवाह के पूर्व का नाम है। 4. यह कि छोटी बंजारे एवं बिमला सोनवाने दोनों एक ही व्यक्ति है जो मेरा ही नाम है। 5. यह शपथ पत्र केनरा बैंक खाता मे नाम छोटी बंजारे दर्ज कर बिमला सोनवाने विलोपित कराने बाबत निष्पादित कर रहा / ही हूँ ।

**शपथकर्ता- छोटी**

**सत्यापन**

मैं छोटी बंजारे यह सत्यापित करता/ती हूँ कि शपथपत्र कि कंडिका 1 से 5 तक दी गयी जानकारी सही एवं सत्य है। जिसे आज हम पढ़ाकर, सुनकर समझकर गवाहो के समक्ष आज दिनांक 28/06/2024 को बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

**शपथकर्ता- छोटी**

## खबर संक्षेप

### पसान में 8 तो कुदमुरा पहुंचे 13 हाथी, किया गया सतर्क

**कोरबा।** जिले के कोरबा वन मंडल में कुदमुरा रेंज के कनकीखार में 13 हाथियों का झुंड मडरा रहा है वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज से 8 हाथियों का झुण्ड एक बार फिर केंदई रेंज के ग्राम लालपुर पहुंच गया है। इसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित चोटिया-कोरबी मार्ग पर आने-जाने वालों को सतर्क किया जा रहा है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड भोजन की तलाश में शाम को सडक़ पार करते हैं। हाथियों की निगरानी करने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी नजर रखे हुए हैं। हाथी अभी गांव के पास नहीं जा रहे हैं। उधर एतमानगर रेंज के बंजारी गांव में 23 तथा जटगा के मुकुवा में 13 हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों की निगरानी संबंधित अमले द्वारा की जा रही है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 13 हाथी डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस झुण्ड को सोमवार की सुबह यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 में विचरण करते हुए देखा गया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के इस झुंड में शावक भी है। झुण्ड में शावक होने के कारण हाथियों का यह झुण्ड जहां भी जाता है कई दिनों तक डेरा डाल देता है। कुदमुरा रेंज में भी यह झुण्ड पिछले तीन दिनों से डेरा डाला हुआ है।

### टंकी से घर पर लगे कनेक्शन का पानी आ रहा गंदा

**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी के अमलीपारा, झालापारा, मुख्य मार्ग व कोरबी बस्ती के ग्रामीण बिगत 15 दिनों से पीने का पानी गंदा आने से खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हास्पिटल के पास बने पानी टंकी में स्वस्छ पानी भरा जा रहा है लेकिन जहां से पानी सप्लाई के लिए वाल खोला जाता है वहां गंदा पानी भरा है जो पानी सप्लाई के साथ घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है जो पीने लायक नहीं है, ऐसा नहीं है कि इस संबंध में ग्राम सरपंच से शिकायत नहीं की गई बार बार शिकायत करने और समस्या पर ध्यान नहीं देने से आक्रोशित ग्रामीण सरपंच के निवास पहुंचकर समस्या के त्वरित निदान की मांग करने लगे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि विजय धनुहार ने जल्द ही समस्या का निराकरण करने की बात कही और सभी को स्वच्छ पानी देने की बात कही तब जाकर ग्रामीण अपने घर वापस लौटे। इस दौरान पंच सुरेश गोंड, सरजू निषाद, संतोषी साहू, रजनी राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मछली पकड़ने गया ग्रामीण नदी में डूबा

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी शंकरलाल कंवर सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे नदी में मछली पकडऩे गया था। वह जाल लगाने के बाद कुछ देर नदी किनारे विश्राम करने के बाद जब जाल निकालने गया तो तेज बहाव आ गया जिससे वह लापता हो गया। शंकर लाल को नदी में समाते अन्य लोगों ने देखा और इसकी सूचना उसके परिजनों के साथ गांव के सरपंच को दी। जिस पर सरपंच ने बांकीमोंगरा पुलिस को सूचित किया। सरपंच की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर डूबकर लापता हुए ग्रामीण की नदी में तलाश शुरू कर दी है। इस कार्य में गोताखोरों की मदद भी ली जा रही है।

### देसी शराब की बोतलों में मिले कीड़े, ग्राहकों ने किया हंगामा

**कोरबा।** जिले में देसी शराब की बोतल में कीड़े मिल रहे हैं। सोमवार को रामपुर देसी शराब दुकान में एक नहीं बल्कि कई बोतलों में कीड़े पाए गए जिसे लेकर ग्राहकों ने शराब दुकान के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। शराब की बोतलों के ढक्कन भी पहले से खुले हुए मिले। लोगों का कहना है कि यहां मिलावटी शराब बेची जा रही है। अमरैया पारा निवासी रामेश्वर कुमार ने बताया कि वह काम करने जा रहा था। इस दौरान वह रामपुर स्थित देसी शराब दुकान से देसी शराब लिया। शराब लेने के बाद कुछ दूरी पर उसे बोतल के अंदर कीड़ा नजर आया। जिसे देखकर वह हैरान रह गया। इसके शिकायत उसने देसी शराब दुकान के मैनेजर से की। लोगों ने कहा कि जब उन्होंने सेल्समैन को कीड़ा मिलने और बोतल का ढक्कन खुला होने की जानकारी दी तो कहा गया कि हम कुछ नहीं कर सकते।

## नए कानून लागू होने पर पुलिस विभाग ने मनाया उत्सव

# आज देश की न्याय प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिनः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज देश के न्याय प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिन है। पुराने कानून को समाप्त करके नया कानून लागू किया गया है। जब कोई कानून बनाया जाता है, तो उसमें कानून बनाने वाले की सोच क्या है, उद्देश्य क्या है ये बड़ा महत्व रखता है। कोई पीड़ति दंड नहीं, न्याय चाहता है। इस नए कानून में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन किया गया है। इसके जरिए लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर न्याय मिल सकेगा।

डिप्टी सीएम श्री साव ने जिला मुख्यालय मुंगेली के थाना सिटी कोतवाली में नवीन कानूनों के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के लागू होने पर जिलेवासियों को बधाई दी और कानून बनने की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि नया कानून में अब लोग घर बैठे आनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इसमें कई नए प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिससे लोगों को अब त्वरित न्याय मिल सकेगा। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि



संबोधित करते उप मुख्यमंत्री अरूण साव।

सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप कानून व्यवस्था होना बहुत आवश्यक है। इस कानून के जरिए लोकतंत्र को और सशक्त व मजबूत बनाया जा सकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने नए कानून की उपयोगिता और उसके महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज से नए कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी व उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पांडेय, शैलेष पाठक, विभिन्न संगठनों के सदस्य, अधिवक्ता संघ मुंगेली के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर, गिरीश शुक्ला, गिरीश दीवान, राजमन सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ नागरिक और नगरवासी मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और नवीन कानून से संबंधित किताब प्रदान कर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने किया।

## नए कानून का पहला प्रकरण कवर्धा में दर्जः मंडावी

**पेंड्रा।** जिला प्रशासन व जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में नवीन कानून शुभारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों और वक्ताओं ने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए तीनों कानून के बारे में विस्तार से समझाया। नगर पालिका पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानूनी पचड़े में फंसना ही ना पड़े, ऐसी मेरी सोच है। पार्षद राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि नए कानून में भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता का प्रावधान रखा गया है जो कि निश्चित रूप से अच्छा कदम है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि 160 साल बाद पुराने कानून में संशोधन हुए हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में नए कानून का पहला प्रकरण कवर्धा में दर्ज हुआ है।



जानकारी देते हुए।

भावना गुप्ता ने तीनों नए कानून के बारे में बताया। विधि विशेषज्ञ संजीव राय ने बताया कि कई धाराओं को विलोपत किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डीएसपी निकिता तिवारी ने, आभार प्रदर्शन एडिशनल एसपी ओम चंदेल ने किया।

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष राकेश जालान, समाजसेवी पवन सुल्तानिया, गोपाल अग्रवाल, संदीप जायसवाल, कन्हैया राठौर, मुकेश दुबे, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, गंगोत्री राठौर, खुल्लू राठौर, एएसपी ओम चंदेल, डीएसपी निकिता तिवारी, एसडीओपी श्याम सिदार, नवीन मिश्रा सहित नागरिक मौजूद थे।

## आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तनः साहू



**जरहागांव।** थाना परिसर में विशेष कार्यशाला आयोजित कर थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि देश के पुराने कानून को समाप्त कर नया कानून लागू किया गया है। जब कोई कानून बनाया जाता है, तो उसमें कानून बनाने वाले की सोच क्या है, उद्देश्य क्या है ये बड़ा महत्व रखता है। कोई पीड़ति दंड नहीं न्याय चाहता है। नए कानून में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन किया गया है। आज समय के अनुसार काफी चीजों में बदलाव आ गया है। नए कानून का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा एवं न्याय, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान, उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ पुलिस का सामन्जस्यपूर्ण सशक्तिकरण और समयबद्ध प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के साथ ही मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है।

## आम नागरिकों को दी गई जानकारी




**मल्हार।** दण्ड संहिता से न्यास संहिता के तहत भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से नए नियम के साथ लागू हो रहा है। इस अवसर को पुलिस विभाग ने उत्सव के रूप में मनाया। चौकी प्रभारी विष्णु देव यादव ने बताया कि 1860 से चलते आ रहे कानून में कुछ बदलाव करते हुए बहुत से ऐसे नियम बनाए गए है जिससे सुलभ न्याय संभव होगा। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण कांत, हेमंत तिवारी, सुशील चौबे राजा, धर्मेन्द्र कोशले, दिलीप पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार वर्मा, रवि कैवर्त, बलराम सिंह, बाबा गुप्ता, नवीन अग्रवाल, रणजीत सिंह, संतोष देवांगन, अजित सिंह, किरण पाटले, मनीष कश्यप, सुजीत राजभानु, राकेश सिंह, बबलू भारद्वाज, मिलुराम कैवर्त, सुरेश अवस्थी, शमशेर सिंह सहित बड़ी संख्या आम नागरिक व विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए।

## आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता : बेहार




**मस्तूरी।** सोमवार 1 जुलाई से नया कानून लागू होने की खुशी में स्थानीय थाना प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव मनाया गया। इस संबंध में एसडीओपी उदयन बेहार ने बताया कि अब इंडियन पीनल कोड का नाम बदल कर भारतीय न्याय संहिता कर दिया गया है। नियमों के बदलाव के संबंध में स्थानीय थाना में उत्सव मनाया जाएगा। अब फोन या ई-मेल के जरिए थाने में केस दर्ज कराए जा सकेंगे। नए कानून यानी भारतीय न्याय सहित में 511 धाराओं की जगह अब 358 धाराएं रह गई हैं। इसी तरह कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर का नाम बदलकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कर दिया गया है। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धारा की गई हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में अधिक बदलाव नहीं हुआ है, इसमें 170 सेक्शन हैं। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी अवनीश पासवान ने आभार प्रकट किया।

## मोपका चौकी में जागरूकता कार्यक्रम




**मोपका।** सरकण्डा थाना अंतर्गत पलिस चौकी मोपका में कार्यक्रम कर लोगों को नए कानून की जानकारी दी गई। मोपका में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रामनरेश यादव ने नए अपराधिक कानून की प्रस्तावना पढ़कर सुनाया तथा ₹आजादी का अमृत महोत्सव₹ में विधायी परिवर्तन की परिणिती को चिन्हित कराते सभी से कानून के बारे में जानकारी दी। सरकंडा थाना से सगीता नेताम ने 37 नए कानून की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन चौकी प्रभारी रामनरेश यादव व आभार सउनि नरेश गर्ग ने किया। कार्यक्रम में साखन दर्वे, राजेन्द्र यादव, माधव साहू, रवि कुमार, मोहन श्रीवास, मनोज यादव, मनोहर चन्द्रा, परस राम यादव, एल. धर्मा राव, चन्द्रकुमार निर्णेजक, लखन दर्वे, अविनाश केवरा, टीआर लहरे, सुरीत केवट, शिव नारायण कैवर्त्य, रामबहोरिक कौशिक, पुष्पा साहू, महंत चेतन दास, सतीषी बाई, आर ठाकुर, रविकान्त सैनिक, विजेन्द्र रात्रे, संतोष राठौर, चन्द्रप्रकाश भारद्वाज, रमेश राठौर, मनोहर लकड़ा, आर. जिज्ञासा कौशिक, सुनीता मार्को सहित, जन प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्याय की परिभाषा दी जाएगीः सिदार




**सीपत।** थाना प्रभारी कृष्ण चंद सिदार ने आम नागरिकों नए कानून की जानकारी दी। टीआई ने कहा कि नए कानून में अपराधों का लेखा जोखा दंड से नहीं न्याय की परिभाषा दी जाएगी। जिले से सभी थानों में इस संबध में सीपत नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेन्द्र कौंशील, प्रणव शर्मा, अभिलेष यादव, दिलेंद्र कौशील, भागीरथी पोर्ते, मन्नू सिंह ठाकुर, एमन लाल साहू, जितेंद्र लास्कर, गोपी पटेल, सन्तोष गोयल, शिवनाथ रोहिदास, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, वेदप्रसाद टेंगवार, डॉक्टर सन्तोष पाटनवार, बलराम जगत, हरिकेश गुप्ता रिंकू जायसवाल एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नए कानून में जन जागरूकता कार्यक्रम क्रियान्वयन उत्सव थाना सीपत में आयोजित किया गया।

## किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा सकती है पीड़िता




**पथरिया।** तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम आज से पूरे देश में लागू हो गया। जिसको लेकर मुंगेली पुलिस अधीक्षक गिरजाशंकर जायसवाल के निर्देश पर जिले के पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पथरिया थाना प्रभारी के द्वारा थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी एसके शर्मा ने बताया कि पीड़िता अब कहीं भी किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा सकती है।वही अब हर थाना प्रभारियों का ई मेल आई डी बनेगा। जिसमें आप ऑनलाइन शिकायत कर दर्ज करा सकते है।

## न्याय दिलाना ही नई संहिता का उद्देश्य




**सकरी।** भारतीय कानून में हुए नए बदलाव के अवसर पर सकरी थाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सकरी बीजेपी मण्डल अध्यक्ष बीआर महोबिया ने कहा कि पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना ही नई संहिता का उद्देश्य है। कार्यक्रम को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रवि मेहर, सकरी थाना प्रभारी दामोदर मिश्रा, पार्षद दिलीप कोरी, सामाजिक कार्यकर्ता नीरू बिष्ट, महिला आरक्षक सुनीता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नायाब तहसीलदार रुचिका अग्रवाल, दिलीप कोरी, सुरेश टंडन, राजेश कौशिक, सूरज मिश्रा, धर्मेश दुबे, राकेश तिवारी, जनक राम प्रजापति, राजकमल साहू, निलेश सिंह, राजेश देवांगन, अमर गुप्ता आदि शामिल थे।

## पीड़ितों को न्याय की व्यवस्थाः राठौर



**तखतपुर।** नए आपराधिक कानून को लेकर थाना तखतपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर ने बताया कि एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय सहिता लागू किया जा रहा है। इस व्यवस्था में अपराधियों को दंड दिलाने के साथ साथ पीड़ति को न्याय दिलाना है। जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि कानून में संशोधन होना कोई बुराई नहीं है पर इसका पालन अक्षरशः होना चाहिए। अधिवक्ता अशोक ठाकुर ने कहा कि किसी भी सुधार से समाज का हित होता है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विवेक पांडेय ने कहा कि पीड़ित को न्याय मिले इस बात का विशेष ख्याल रखा गया है। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार रिचा गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष अमरीका कृष्ण कुमार साहू, दिनेश राजपूत, बंशी पांड़े, टेकचंद कारड़ा, मुन्ना श्रीवास, मुकीम अंसारी, अनिल सिंह ठाकुर, कोमल ठाकुर, नैन लाल साहू, जितेंद्र शुक्ला, दिलीप तोलानी, संदीप साहू, किशन सचदेव, गिरीश कश्यप, राजेश सोनी, प्रमोद ठाकुर, प्रदीप कौशिक, बृजपाल सिंह हुरा, वरुण सिंह ठाकुर, सत्यम ताम्रकार, जाकिर जायसी, नर्मदा धूरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीड़ित दंड नहीं न्याय चाहता है : साहू

**सरगांव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली गिरजाशंकर जायसवाल के निर्देशानुसार सरगांव थाना प्रभारी हरविंदर सिंह द्वारा नए कानून के लागू होने पर नागरिकों को नई प्रणाली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत सरगांव के अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि आज देश की न्याय प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिन है। पुराने कानून को समाप्त करके नया कानून लागू किया गया है। जब कोई कानून बनाया जाता है, तो उसमें कानून बनाने वाले की सोच क्या है, उद्देश्य क्या है ये बड़ा महत्व रखता है। कोई पीड़ति दंड नहीं, न्याय चाहता है। इस नए कानून में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन किया गया है। इसके जरिए लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर न्याय मिल सकेगा। जिला पंचायत सदस्य अम्बालिका साहू ने कहा कि अब घर बैठे आनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इसमें कई नए प्रावधान शामिल किए गए हैं। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप कानून व्यवस्था होना बहुत आवश्यक है। इस कानून के जरिए लोकतंत्र को और सशक्त व मजबूत बनाया जा सकता है। सरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक हरविंदर सिंह ने नए कानून की उपयोगिता और उसके महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## प्रवेश उत्सव व विद्यार्थी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# जरौंधा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जरौंधा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव व विद्यार्थी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ममता धनंजय सिंह क्षत्री शामिल हुए। संबोधित करते हुए ममता क्षत्री ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की शुरूआत जब अच्छे वातावरण से होती है तो उस कार्यक्रम में उत्साह और उमंग दोनों बढ़ जाता है।

इसके साथ ही जिसके लिए उस कार्यक्रम का आयोजन होता है वह और अपनी अतिरिक्त ऊर्जा लगाकर उसे पाने का प्रयास करता है। ठीक इसी तरह छोटे छोटे बच्चों को विद्यालय के पहले दिन स्वागत कर उन्हें स्कूल में दाखिला कराया जा रहा है जो उनके लिए आविस्मरणीय पल है। विद्यालय में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान भी किया गया। प्रधानपाठक योगेश्वर क्षत्री के सेवानिवृत होने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य शिवेंद्र कौशिक, सरपंच ईश्वर साहू, गुरूदयाल साहू, जीआर चतुर्वेदी, सुशील साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।




### बरेला में शाला प्रवेश उत्सव

नगर पंचायत बरेला में ग्राम शिक्षण समिति द्वारा संचालित सशिमं में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष संजय निर्मलकर, उपाध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर ,संयोजक राकेश सिंह बैस संरक्षक नरेश पटेल, पदमन क्षत्री, राजू सेमरिया, मुकेश पटेल, प्रधानाचार्य विनोद पटेल, संतोष पटेल, कृपाल सिंह, मुमताज खान, पिंकी सवैया, भारती देवांगन, सरोजनी प्रजापति, स्मृति पटेल, मुस्कान परविन, प्रीति ठाकुर, ललीता धुरी, चित्रकला पटेल उपस्थित रहें।

### उड़ागी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**खमरिया।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव प्राथमिक शाला उड़ागी में मनाया गया। जहां बच्चे, शिक्षक, पालक, ग्रामीणों की उपस्थिति रही।प्रवेश उत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर, उन्हें पुस्तक प्रदान करके मिठाई खिलाया गया। प्रवेश की स्मृतियों को संजोकर रखने बच्चों की हथेलियों के रंग बिरंगे छाप केनवास पर लिए गए। कार्यक्रम उपरांत नेवता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष शारदा यादव, उपाध्यक्ष चंपा बाई, अनिल अहीर रमेश यादव, तिलेश्वरी, लक्ष्मीन, मंजू, आरती, माधुरी वरकरे, उमेश यादव प्राथमिक प्रधानपाठक अवधेश कुमार मिश्रा, भारती खुशीराम भारती, रजनी सोनी, बहोरन सिंह राज, भरत वरकरे, तुलसी कर्ष, श्रवण जायसवाल, सुकीला, श्रीराम्भादव, सोनकुंवर, आशा, महेश्वरी उपस्थित थे।




### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए डिप्टी सीएम



**लोरमी।** ग्राम गोड़खाम्ही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नए शिक्षा सत्र के लिए बधाई दी और नव प्रवेशित विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरण किया। इसके साथ ही 10वीं व 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, राष्ट्रीय बॉक्सिंग और स्काउट गाइड एडवेंचर मनाली में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री साव ने विधायक निधि से विद्यालय परिसर में शेड निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर सरपंच रत्ना संजय काठले, वर्षा सिंह, अंकिता शुक्ला और स्कूल प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### लखराम स्कूल में पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**लखराम।** शासउमावि लखराम में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में 6वीं व 9 वीं में नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक व शाला गणवेश प्रदान कर नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चंद्र राय पूर्व वरिष्ठ व्याख्याता, पंच राजेश्वर देवांगन सहित शाला प्राचार्य संजय साळुंके रहें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रामायण सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

1 JULYE -BSP- pg- 6_Layout 1 7/2/2024 12:37 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़ किए बगैर लौटी निगम की टीम



**बिलासपुर।** नगर निगम की टीम सोमवार को दलबल के साथ व्यापार विहार क्षेत्र में एक दोमंजिला दुकान को तोड़ने पहुंची थी। निगम की टीम ने जेसीबी मशीन के मदद से ऊपरी मंजिल को तोड़ने शुरू ही किया था, तभी कोर्ट से दुकान मालिक को स्टे मिलने की जानकारी मिलने पर निगम की टीम वापस लौट आई।

### नाबालिग ने 12 साल के चचेरे भाई को मारा चाकू

**बिलासपुर।** आपसी विवाद में बड़े पिता के 14 साल के बेटे ने चचेरे 12 साल के भाई के गले पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिल्हा टीआई नरेश चौहान ने बताया, ग्राम मंगला में दो भाइयों का परिवार एक मकान में रह रहा है। तीन माह पहले घर में खेलते समय चचेरे भाईयों ने बड़े पिता के 14 साल के बेटे के साथ मारपीट कर दी थी। वह मारपीट करने का बदला लेने के लिए रविवार को मारपीट करने वाले चचेरे 12 साल के छोटे भाई को खेलने के लिए गांव के नदी किनारे लेकर गया और उसके गले पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। उसके बाद वह चचेरे भाई को घायल अवस्था में छोड़कर घर भाग गया। घायल 12 साल के बच्चे ने नदी में मछली मार रहे एक व्यक्ति को घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिजन मौके पर पहुंचकर घायल बच्चे को इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने परिजन के रिपोर्ट पर हमलावर 14 साल के बच्चे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर युवती ने अनाचार, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर एक युवती से अनाचार करने वाले प्रेमी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई नवीन देवांगन ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की पामगढ़ चंदेली निवासी चंद्र शेखर पटेल उर्फ विक्की पिता संतोष पटेल 24 से जान पहचान हो गई थी। चंद्र शेखर पटेल देवरीखुर्द में किराए के मकान में रहकर ढाबा चलाने का काम कर रहा था। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा है। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से मना कर दिया। रविवार को पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### रेलवेकर्मी के सूने मकान से जेवर चोरी

**बिलासपुर।** रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरो ने धावा बोलकर जेवर चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, आटीएस कालोनी निवासी रेलवेकर्मी लीला सूर्यवंशी पति भुवनेश्वर सूर्यवंशी 22 जून को घर के दरवाजे में ताला लगाकर बेटी के साथ दिल्ली अपने पति के पास चली गई थीं। 30 जून को वे घर लौटीं तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखीं तो आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। उसमें रखी सोने की चेन, सोने की अंगूठी, पायल चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जिले में 40.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बिलासपुर।** जिले में में 40.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बिलासपुर तहसील में 37.0 मिमी, बिल्हा में 16.2 मिमी, मस्तूरी में 35.1 मिमी, तखतपुर में 22.4 मिमी, कोटा में 80.4 मिमी बारिश दर्ज की है। सीपत में 39.6 मिमी, बोदरी में 22.3 मिमी, बेलगहना में 54.4 मिमी , बेलतरा में 30.0 मिमी, रतनपुर में 61.2 मिमी, सकरी में 50.2 मिमी दर्ज की गई।

---

**निगम ने राज्य शासन को भेजा प्रस्ताव**

**11 चार्जिंग पॉइंट, प्लेटफार्म, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन बनेगा, इलेक्ट्रिकल कार्यों पर 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे**

# कोनी में बनेगा 2500 किलोवाट का सब स्टेशन, चार्ज की जाएंगी ई बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर को जल्द ही काला धुआं फेंकने वाली सिटी बसों से मुक्ति मिलेगी। पीएम ई बस सेवा योजना के तहत स्वीकृत 50 सिटी बसें जल्द ही दौड़ती नजर आएंगी। इनके लिए बिजली सब स्टेशन और चार्जिंग पॉइंट बनाने के लिए 15 करोड़ का प्रस्ताव निगम ने राज्य शासन को भेजा है।

स्वीकृत होते ही आगे का काम शुरू होगा। ई चार्जिंग प्वाइंट और बसों को चार्ज करने के लिए 2500 किलोवाट के विद्युत सब स्टेशन की स्थापना कोनी में की जाएगी। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के अंशदान से फंड उपलब्ध होगा। इलेक्ट्रिकल कार्यों पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसकी शत-प्रतिशत पूर्ति केंद्र से होगी। वहीं, सिविल वर्क में आने वाले करीब 10 करोड़ के व्यय के लिए केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी क्रमशः 70 और 30 फीसदी रहेगी। इस राशि से 11 चार्जिंग पॉइंट, प्लेटफार्म, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन आदि का निर्माण होगा।

गौरतलब है कि मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अरबन अफेयर्स (महुआ) ने राज्य के 5 शहरों में 240 पीएम ई-बस सर्विस शुरू करने की स्वीकृति महुआ ने दी है। ई-बस शुरू करने के पूर्व ई-चार्जिंग प्वाइंट, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव मंगाए जा चुके हैं। उसे तकनीकी स्वीकृति देने के लिए प्रक्रिया चल रही है। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही सभी स्थानों पर ई चार्जिंग प्वाइंट और कार्यालय भवन के निर्माण का काम शुरू हो सकेगा। बिलासपुर निगम के नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी का कहना है कि ई-सिटी बस के संचालन के लिए प्रस्ताव स्वीकृत होते ही आगे का काम शुरू कर दिया जाएगा।



चार्जिंग पाइंट के साथ साथ सर्विसिंग सेंटर भी हो रहे तैयार।



कोनी में इस स्थान पर बनेगा बिजली सब स्टेशन।

### कोनी में बनेंगे 11 चार्जिंग पाइंट

इसके लिए 11 चार्जिंग पॉइंट कोनी डिपो सब स्टेशन में ही बनेंगे। एक पॉइंट में 5 बस एक साथ चार्ज हो सकेंगी। एक बार चार्ज होने के बाद बस 18 घण्टे तक चलेगी। ई-सिटी बसों के संचालन के लिए केंद्र सरकार की ओर से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर टेंडर हो चुका है। ई-सिटी बसों का वजन सामान्य बसों की तुलना में अधिक होता है, इस कारण उनके लिए अलग से कांक्रीट के प्लेटफार्म, सर्विसिंग सेंटर बनाए जाएंगे। बसों का किराया राज्य शासन निर्धारित करेगा, जबकि रूट निर्धारण नगर निगम द्वारा किया जाएगा।

### पुरानी बसें हो गई कंडम, की जाएंगी नीलाम

दूसरी ओर निगम प्रशासन के अधिकारियो की लापरवाही का नतीजा रहा की वर्ष 2015 में मिली 50 सिटी बसें पांच सालों मे कंडम हो गयी। सिटी बसों का परिचालन निजी हाथों में सौंपने के बाद नगर निगम प्रशासन ने कभी भी इस और ध्यान नहीं दिया। वही कोरोना कल के समय से बसों के पहिए पूरी तरह से थम गए। नगर निगम प्रशासन ने केंद्र सरकार को इलेक्ट्रिक बसों का प्रस्ताव भेजा था जिसे स्वीकृति मिल गई है। अधिकारियों की माने तो दीपावली के आसपास शहर की सड़कों पर 50 नई ई बसें दौड़ती नजर आएंगी।

### बनाया जाएगा सब स्टेशन

ई चार्जिंग प्वाइंट और बसों को चार्ज करने के लिए 2500 किलोवाट के विद्युत सब स्टेशन की स्थापना कोनी में की जाएगी। इलेक्ट्रिकल कार्यों पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसकी शत-प्रतिशत पूर्ति केंद्र से होगी। वहीं, सिविल वर्क में आने वाले करीब 10 करोड़ के व्यय के लिए केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी क्रमशः 70 और 30 फीसदी रहेगी। इस राशि से 11 चार्जिंग पॉइंट, प्लेटफार्म, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन आदि का निर्माण होगा।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

---

**सकरी स्थित अटल आवास के आसपास के क्षेत्र प्रभावित**

# सकरी में फैला डायरिया, 40 से अधिक पीड़ित, स्वास्थ्य विभाग ने किया सर्वे



सकरी स्थित अटल आवास के प्रभावित लोग।



डायरिया प्रभावित क्षेत्र में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गंदा पानी पीने के बाद बिगड़ी थी लोगों की तबीयत

बारिश आते ही डायरिया अपने पैर पसारने लगा है, नलों से निकलने वाला गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है और पीने के पानी में खराबी के कारण सकरी क्षेत्र के 40 से अधिक लोग डायरिया के चपेट में आ चुके हैं। रविवार को दोपहर बाद लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया और सोमवार को सभी लोगों को दवा वितरण किया गया है। साथ ही कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती भी किया गया है।

सकरी क्षेत्र के अटल आवास में रहने वाले 40 लोगों को उल्टी और दस्त की समस्या पिछले दो दिनों से हो रही है, रविवार को लोगों की तबीयत बिगड़ने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई। इस दौरान तखतपुर बीएमओ द्वारा टीम भेजकर इलाज जारी रखा गया। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र का सर्वे किया और घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की,इस दौरान दवा का वितरण किया गया, इसमें से कुछ लोगों की हालत गंभीर है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति कंट्रोल में होने की जानकारी दी गई है। आसपास के लोगों ने बताया कि एक ही परिवार के 3 से 4 लोगों को उल्टी और दस्त की समस्या रही है, लेकिन बच्चों की हालत ज्यादा खराब थी। टीम ने आसपास से पानी का सैंपल कलेक्ट किया है, आगामी दिनों में भी कैंप लगाने की बात स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कह रहे हैं।

### सीवर का पाइप लाइन

बताया जा रहा है कि अटल आवास के आसपास कई जगहों पर सीवर का पाइप टूटा हुआ है, नगर निगम द्वारा सफाई नहीं करने के कारण कालोनी में गंदगी का आलम है। जिसके चलते बारिश का पानी के कारण नालियों का पानी घरों तक पहुंच रहा है और पीने के पानी के साथ डायरिया के वायरस लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। भले ही स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थिति कंट्रोल में होने का दवा कर रही है, लेकिन कुछ लोग निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं।

### किया गया है सर्वे

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को रविवार को डायरिया फैलने की सूचना मिली थी, तत्काल टीम रवाना कर दिया गया था। सोमवार को घर-घर जाकर टीम ने सर्वे किया है। स्थिति नियंत्रण में है, दिक्कत वाली बात नहीं है।

**-डॉ प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

---

# बूथों पर रणनीति के तहत काम करना होगाः शिवरतन



बैठक लेते भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- बिलासपुर, बिल्हा और बेलतरा में चुनाव संचालन समिति के सदस्यों से किया मंथन

बिलासपुर लोकसभा के तीन विधानसभाओं में सोमवार 1 जुलाई को समीक्षा बैठक हुई। इसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा चुनाव में प्रदेश संयोजक और भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने बिलासपुर, बिल्हा और बेलतरा विधानसभा में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों की बूथ स्तर पर समीक्षा की।

उन्होंने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के परिणामों का तुलनात्मक विवेचन कर ऐसे बूथ जिसमें भाजपा के पक्ष में लंबे समय से परिणाम अनुकूल नहीं रहे हैं। उन बूथों पर रणनीति के तहत कार्य करने के सुझाव दिए। साथ ही 23 जून से 6 जुलाई तक भाजपा के पखवाड़ा कार्यक्रमों, एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के प्रगति की जानकारी ली। जुलाई, अगस्त माह से भाजपा संगठन विस्तार की दृष्टि से बूथों पर सदस्यता अभियान की शुरुवात करने जा रही है। आने वाले समय में बूथ कमेटी, मंडल कमेटी व जिला कमेटी गठन की तैयारी भी तेज कर दी जाएगी। श्री शर्मा ने कहा इसी सत्र में नगरी निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव भी होने है। इस दृष्टि से पार्टी द्वारा तय किए गए प्रोग्राम और योजनाओं को गंभीरता से लेना होगा । उन्होंने बताया कि वर्तमान में शासन द्वारा नगरी क्षेत्रों का परिसीमन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विलोपित करने जैसे महत्पूर्ण प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा । उन्होंने सतर्कता के साथ इन प्रक्रियाओं में भाग लेने का अनुरोध किया।

आज की बैठक में विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी, रजनीश सिंह, रामदेव कुमावत, राजा पाण्डे, सियाराम साहू, नरेंद्र शर्मा, राजेश त्रिवेदी, गुलशन ऋषि, अशोक विधानी, शंकरदयाल शुक्ला सहित तीनों विधानसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्य मौजूद थे।

---

# करंट की चपेट में आए दो मजदूर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- पुलिस कर रही मामले की जांच

एक मकान की छत पर शेड बनाने का काम करते समय लोहे का एंगल बिजली तार में लगने से दो मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकण्डा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, जगमल चौक निवासी उमेश यादव पिता इतवारी लाल यादव 24 साल व कोटमी सोनार निवासी अशोक दास मानिकपुरी पिता मनिदास मानिकपुरी 40 साल ठेकेदार के अंदर में मजदूरी करता है। सोमवार को ठेकेदार के कहने पर वह राजकिशोर नगर में एक मकान की छत पर लोहे का शेड लगाने गया था। शाम को काम करने के दौरान लोहे का एंगल मकान के पास गुजरे 11 केवी के बिजली तार पर लग गया, जिससे उमेश यादव एंगल में चिपक गया और अशोक दास झटका लगने से दूर फेंका गया।

आवाज में अन्य मजदूर दोनों को इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उमेश यादव को मृत घोषित कर दिया है। वहीं अशोक दास का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

# सेवा सहकारी समिति पर छापा, नैनो यूरिया की ब्रिकी पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला स्तरीय छापामार दल ने सोमवार को कोटा विकासखंड के सेवा सहकारी समिति धूमा में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान कालातीत नैनो यूरिया के समिति में भंडारण पाए जाने पर उसकी बिक्री पर रोक लगा दी है। वहीं निजी दुकानों में खाद का 470 बैग अवैध भंडारण मिलने पर दुकान सील कर दिया गया है। इसके अलावा बिना वैध लाइसेंस के 600 लीटर कीटनाशक भंडारण पर विक्रय पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है।

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर सोमवार को उप संचालक कृषि के नेतृत्व में जिले की कई खाद दवाई दुकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने बताया कि जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने सोमवार 1 जुलाई को विकासखंड कोटा के धूमा सेवा सहकारी समिति में औचक निरीक्षण किया। समिति प्रबंधक को उर्वरक भंडारण एवं रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि ग्राम करगीकला स्थित मैसर्स शिव कृषि केंद्र में अवैध रूप से भंडारित उर्वरक जिसमें यूरिया 210 बैग, एसएसपी 160 बैग एनपीके 51बैग, बेंटोनाइट सल्फर 27 बैग,पोटाश 6 बैग, एसएसपी जिंक 10 बैग, ग्रोमोर 6 बैग इस प्रकार कुल 470 बैग खाद बिक्री नहीं करने आगामी आदेश तक के लिए सील कर दिया गया। वहीं करण ट्रेडर्स तथा अमन खाद भंडार के विक्रय तथा भंडारण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।



### रमेश कृषि केंद्र को नोटिस

उप संचालक कृषि ने बताया कि निरीक्षण के दौरान छापामार दल को कोटा स्थित रमेश कृषि केंद्र में बिना वैध प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के भंडारित 600 लीटर कीटनाशक दवा पाया गया। इसके बिक्री पर तत्काल रोक लगा दिया गया है। उक्त फर्म को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिवस में जवाब तलब किया गया है। जवाब समय सीमा में एवं संतोषप्रद नहीं होने पर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

---

# भुवनेश्वर से आई पुलिस ने चांटापारा में मारा छापा



तिलक नगर में छापा मारकर एक व्यक्ति को ले जाती भुवनेश्वर की पुलिस।

**बिलासपुर।** भुवनेश्वर पुलिस ने शहर पहुंचकर चांटापारा में छापा मारा और एक व्यक्ति को पकड़कर उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

सोमवार को भुवनेश्वर पुलिस की एक टीम सिविल लाइन थाना आई। उन्होंने सिविल लाइन पुलिस की मदद से चांटापारा निवासी घनश्याम आहूजा पिता गोपी चंद आहूजा को पकड़ लिया। भुवनेश्वर पुलिस के अनुसार, उनके यहां उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 5 धारा 419, 420, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज है। भुनेश्वर पुलिस उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले जाने सिविल लाइन थाने में लिखित आवेदन देकर लौट गई है। टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, भुवनेश्वर पुलिस आई थी। सहयोग मांगने पर पेट्रोलिंग पार्टी भेजी गई। भुवनेश्वर पुलिस चांटापारा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर ले गई है। क्या मामला दर्ज था, इसकी जानकारी नहीं है।

---

**सरकंडा क्षेत्र में बन रहा सबस्टेशन अधर में**

# ट्रांसफार्मर की सप्लाई ठप, विद्युत मंडल के कई काम अधर में लटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर हो चुके हैं खत्म

सिटी सर्किल में लोड और उपभोक्ताओं की खपत को देखते हुए सरकंडा पार दो सबस्टेशन बनाए जा रहे हैं, लेकिन विभाग में ट्रांसफार्मर की कमी आ गई है, जिसके चलते सबस्टेशन का काम रूक दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिले में 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर खत्म हो चुका है, जिसके चलते विभाग ट्रांसफार्मर की खरीदी का इंतजार कर रहे हैं।

जिले में इस बार बिजली बंद की समस्या ने हर आम और खास को हलाकान किया है, जिसे देखते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए सबस्टेशन और ट्रांसफार्मर लगाने का बिजली विभाग ने काम शुरू कर दिया है। सरकंडा क्षेत्र के मुक्तिधाम चौक और साइंस कालेज में सबस्टेशन निर्माणधीन है, करीब 4 करोड़ की लागत से दोनों सबस्टेशन का निर्माण कराया गया है, लेकिन इन सबस्टेशनों में अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लग सका है, विभाग के अधिकारियों के अनुसार करीब 2 माह से जिले में ट्रांसफार्मर की कमी बनी हुई है, छोटे और बड़े सभी तरह के ट्रांसफार्मर अन्य जिलों से मांग कर ही काम चलाया जा रहा है, नए ट्रांसफार्मर की सप्लाई शार्ट कर दी गई है, जिससे समस्या सामने आ रही है। वहीं अधिकारियों ने इस संबंध में रायपुर कार्यालय को पत्राचार किया है, लेकिन हेड आफिस में खरीदी नहीं हो सकी है, जिसके कारण ट्रांसफार्मर की सप्लाई नहीं हो रही है।



### रायपुर स्थित स्टोर में लगी थी आग

5 अप्रैल को सीएसपीडीसीएल के ट्रांसफार्मर गोदाम में भीषण आग लग गई थी, जिसकी चपेट में आकर करीब 4 सौ से अधिक ट्रांसफार्मर जल गए थे। बताया जा रहा है कि इन्हीं ट्रांसफार्मर को राज्य के अन्य जिलों में भेजा जाना था, लेकिन आग लगने के बाद से विभाग ट्रांसफार्मर की खरीदी नहीं कर सका है। ट्रांसफार्मर की कमी का संकट आने वाले कई महीनों तक जारी रह सकता है। ऐसे में शहर में ट्रांसफार्मर की कमी, सबस्टेशन का निर्माण दोनों प्रभावित होगा।

### जारी है काम

5 एमवीए का ट्रांसफार्मर अन्य ट्रांसफार्मरों की अपेक्षा में बड़ा होता है। सबस्टेशन का काम जारी है, लेकिन ट्रांसफार्मर का इंस्टालेशन किया जाना है। हमने मांग भेजा है, रायपुर से ही सप्लाई नहीं हो पाई है। इस संबंध में जानकारी रायपुर कार्यालय से मिल सकेगी।

**-अनुपम सरकार,** ईई, प्रोजेक्ट

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152